# शाह टाइम्स

26 JANUARY HAPPY REPUBLIC DAY

मुजफ्फरनगर, सोमवार 26 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 11 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


### जश्न-ए-जम्हूरियत



गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका यागि्नक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी / एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। धर्मेन्द्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण दिया जाएगा। शिबू सोरेन-अलका यागि्नक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा-हरमनप्रीत समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इन्हें भी दिया गया पद्मश्री-गफरुद्दीन मेवाती 'पांडुन का कड़ा' के एकलौते गायक, गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। राजस्थान के डीग जिले के रहने वाले गफरुद्दीन मेवाती जोगी भपंग वादक और 'पांडुन का कड़ा' गायक हैं। वे पांडुन का कड़ा के एकलौते लोक गायक हैं। गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। उन्होंने देश-विदेश में कई जगह भपंग वादन और पांडुन का कड़ा की प्रस्तुतियां दी है। उन्हें पांडुन का कड़ा के 2500 से ज्यादा दोहे याद हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, साइंस, इंजीनियरिंग, बिजनेस, इंडस्ट्री, चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं।



**धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को दिया जाएगा पद्मश्री सम्मान**

**शिबू सोरेन-अलका यागि्नक को पद्म भूषण पुरस्कार सम्मान**

# बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर कीर्तिमान बनाया: मुर्मू

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मैं, आप सभी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने का पर्व भी मनाया जा रहा है।






## संक्षिप्त समाचार

### ऐ वतन, ऐ वतन.. के रचयिता ताहिर फराज का निधन

**मुंबई।** उर्दू अदब के मशहूर और प्रतिष्ठित शायर ताहिर फराज (72) का शनिवार देर रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रामपुर के रहने वाले ताहिर फराज का जन्म 29 जून 1953 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ था। फिल्मों के लिए काम और मुशायरों के सिलसिले में पूरी दुनिया में आने-जाने वाले श्री फराज मुंबई एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। वहीं उनके सीने में तेज दर्द हुआ और एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। ताहिर फराज मंच के मकबूल शायर थे। उनकी गजलें सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती थी। उन्होंने फिल्मों के लिए भी गाने लिखे और उनकी गजलों को जगजीत सिंह जैसे गायकी के उस्तादों ने आवाज दी।

### दिग्गज पत्रकार मार्क टुली का निधन

**नई दिल्ली।** दिग्गज पत्रकार और ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के पूर्व संवाददाता मार्क टुली का रविवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वह करीब 90 वर्ष के थे। ब्रिटिश मूल के इस पत्रकार की ख्याति ऐसी थी कि ब्रिटिश नागरिकता के बावजूद उन्हें 'दिल' से भारतीय कहा जाता था। उनका जन्म 1935 में कोलकाता में हुआ था और वहीं उनका बचपन बीता। फिर वह अपनी स्कूली शिक्षा के लिए दार्जिलिंग के बोर्डिंग स्कूल चले गए। इक्कीस साल की उम्र में वह कॉलेज की पढ़ाई के लिए लंदन चले गए, जहां उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद पादरी बनने के लिए सोचा, लेकिन वह फौज में चले गए।

### राहुल गांधी ने फिर उठाया वायु प्रदूषण का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुद्दा फिर उठाते हुए कहा है कि इससे बच्चों और बुजुर्गों पर बुरा असर पड़ रहा है और दिहाड़ी मजदूरों का जीवन अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। श्री गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वायु प्रदूषण की भारी कीमत हम चुका रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस पर 982 पुलिस कर्मियों को सेवा मेडल

- **इनमें 125 वीरता पदक शामिल**
- **जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 45 मेडल**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं। यहां ऑपरेशन थिएटर का मतलब वह जगह या इलाका, जहां लंबे समय तक आतंकवाद, घुसपैठ के खिलाफ और कानून-व्यवस्था से जुड़े ऑपरेशन चलते रहते हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के 35 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात 5 कर्मियों को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फायर ब्रिगेड सर्विस के 4 बचावकर्मियों को भी वीरता पदक के लिए चुना गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 33 वीरता पदक मिले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस (31), उत्तर प्रदेश पुलिस (18) और दिल्ली पुलिस (14) का स्थान है।


# मन की बात- नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटें: मोदी

- **पीएम ने मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं, कहा: भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 130वें एपिसोड में मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है।

लोगों से नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटने की अपील की। पीएम ने सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें शेयर करने के ट्रेंड पर बात की। उन्होंने अपनी सरकार के काम पर बात करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम बन चुका है। ये स्टार्टअप लीक से हटके हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा साथियों को सैल्यूट करता हूं, जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। पीएम ने भारतीय प्रोडक्ट्स को लेकर कहा कि हम सभी का एक ही मंत्र हो क्वालिटी, क्वालिटी और क्वालिटी। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब बन जाए क्वालिटी। हम संकल्प लें कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा।



# आज के कटु संबंधों को देखते हुए असंभव सी बात

- **भारत ने जब गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया पाकिस्तान को**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत अपने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लगभग हर साल किसी न किसी देश के शासनाध्यक्ष या राजनेता को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता रहा है।

यह आमंत्रण दो देशों या समूहों के बीच कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण साधन के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं, लेकिन ऐसा भी हुआ है कि इस समारोह में पड़ोसी और धुर-प्रतिद्वंद्वी देश पाकिस्तान के राजनेताओं को दो बार आमंत्रित किया है। अपने पांचवें गणतंत्र दिवस (1955) में भारत ने पहली बार अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के तत्कालीन गवर्नर जनरल मलिक गुलाम मोहम्मद को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। यह आज के कटु संबंधों को देखते हुए एक असंभव सी बात लगती है, लेकिन तब भी रिश्तों में कोई बहुत मिठास नहीं थी, हालांकि तब इतनी खटास भी नहीं थी। दोनों नवनिर्मित देश अपनी-अपनी समस्याओं से तो जूझ ही रहे थे, लेकिन अपने संबंधों को लेकर भी जूझ रहे थे, ऐसे में भारत ने मलिक गुलाम मोहम्मद को आमंत्रित कर एक उदार और साहसी कदम उठाया था। मलिक गुलाम मोहम्मद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी और हैदराबाद निजाम के लिए वित्तीय सलाहकार के रूप में काम किया था। तब दोनों देशों के आकार लेते रिश्तों की पृष्ठभूमि में भारत यह उम्मीद कर रहा था कि श्री मोहम्मद के भारत से व्यक्तिगत जुड़ाव का दोनों देशों के संबंधों को सकारात्मक लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के किसानों को बड़ी राहत: केंद्र खरीदेगा 3.37 लाख टन अरहर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के किसानों के हित में रविवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के किसानों से 3.37 लाख टन तूअर (अरहर) दाल की खरीद को हरी झंडी दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इस मद में लगभग 2,696 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में चौहान ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबध है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खरीद की प्रक्रिया इस तरह से संचालित की जाए कि बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाए और लाभ सीधे वास्तविक किसानों की जेब तक पहुंचे। किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए चौहान ने नेफेड और एनसीसीएफ को निर्देश दिया कि वे राज्य सरकार के साथ बेहतर तालमेल बिठाकर काम करें।

### शंकराचार्य विवाद के जल्द समाधान का है भरोसा: डा. इंदेश

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार ने दावा किया है कि प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के मुद्दे को लेकर चल रहा विवाद का समाधान जल्द निकल आएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार इटावा मुख्यालय पर स्थापित नारायण कॉलेज में आयोजित खिचड़ी भोग में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के साधु संत, महात्मा और सरकार इस मामले को सुलझाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

# अहंकार में धार्मिक धरोहरें मिटा रही भाजपा: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर तीखा हमला बोला

**लखनऊ।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तोड़फोड़ पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह 'भाजपाई अहंकार का भूकंप' है, जो मंदिरों को नुकसान पहुंचा रहा है और पूज्य वृक्षों की जड़ों तक उखाड़ी जा रही हैं।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि धार्मिक स्थलों, संत-महात्माओं और सदियों पुरानी विरासत के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व विकास के नाम पर देश की सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन दृश्यों को देखकर हर संवेदनशील नागरिक का मन विचलित होना स्वाभाविक है। उन्होंने भाजपा पर समाज में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को ऐसे किसी भी कार्य से बचना चाहिए, जिससे धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता प्रभावित हो। अखिलेश यादव ने भाजपा समर्थकों से भी आत्ममंथन करने की अपील करते हुए कहा कि देश और समाज सर्वोपरि हैं और किसी भी राजनीतिक एजेंडे से ऊपर होने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने मांग की कि वाराणसी समेत प्रदेश के अन्य स्थानों पर हो रहे कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सौंदर्यीकरण या विकास के नाम पर किसी भी धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक धरोहर या पर्यावरण को क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रही है और जरूरत पड़ी, तो जनभावनाओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी करेगी।

## जनगणना पर अखिलेश का बयान राजनीतिक हताशा का परिचायक: श्रीवास्तव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जनगणना में जाति कॉलम को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान बौधिक खोखलेपन के साथ-साथ राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव एक तरफ खुद को अनुभवी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री बताते हैं, वहीं दूसरी ओर बिना तथ्य जाने जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत 22 जनवरी 2026 को जारी राजाज्ञा के बिदु संख्या 12 में स्पष्ट रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य वर्गों का विवरण दर्ज किए जाने का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनगणना में जाति का कॉलम नहीं होने की बात कहना पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव अपने ही सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच मजाक का विषय बनते जा रहे हैं, क्योंकि उनके बयान सरकारी दस्तावेजों से मेल नहीं खाते।

## अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के बाहर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

**प्रयागराज, वार्ता**

प्रयागराज माघ मेले में शनिवार देर रात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर के बाहर कुछ असमाजिक तत्वों ने जमकर हंगामा किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से कल्पवासी थाना अध्यक्ष को दी इस मामले में तहरीर दी गई है, जिसमें उन्होंने इसे स्वयं के लिए खतरा बताते हुए कहा कि शिविर में रह रहे श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को भी हो सकता है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। तहरीर के मुताबिक शिविर के बाहर कुछ असामाजिक तत्व पहुंच गए, वह हाथों में लाठी डंडे और झंडा लेकर के भगवा झंडा लिए हुए थे। कुछ युवक जबरन शिविर में प्रवेश करने लगे,बाहर से आए युवकों ने उपद्रव मचाने की कोशिश की। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सेवकों और जबरन घुसे लोगों के बीच हाथापाई हुई। उनके सेवकों ने हंगामा कर रहे लोगों को शिविर से बाहर निकाला। आरोप है कि प्रदर्शन करने आए लोगों ने कुछ आपत्तिजनक नारे भी लगाए। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने चेतावनी दिया है, कि अगर शरारती तत्व शिविर में पुनः प्रवेश करते हैं, तो श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

## विभिन्न नदियों के नाम पर होंगे गणतंत्र दिवस परेड में दर्शक दीर्घाओं के नाम

**नई दिल्ली, वार्ता**

गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष अनूठी पहल के तहत परेड देखने आने वाले लोगों के लिए बनी दर्शक दीर्घाओं के नाम देश की विभिन्न नदियों के नाम पर रखे गए हैं। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार नदियां गहन सांस्कृतिक प्रतीक हैं जो सभ्यताओं की जीवनधारा, सामूहिक विरासत और सांस्कृतिक विविधता के भंडार के रूप में कार्य करती हैं।

नागरिकों को इसका एहसास कराने के लिए इस बार देश भर में बहने वाली नदियों ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिधु, झेलम, कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना के नाम पर दर्शक दीर्घाओं का नाम रखा गया है। मंत्रालय का कहना है कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर इस गणतंत्र दिवस परेड में जल योधाओं सहित कुल 163 विशेष अतिथि होंगे, जिनमें उत्तराखंड के 28, झारखंड के 10, बिहार के 40 और उत्तर प्रदेश के 85 लोग हैं। इसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और भारतीय वन्यजीव संस्थान के संयुक्त सहयोग से गंगा की पारिस्थितिकी, अखंडता तथा जैव विविधता के संरक्षण और स्वच्छता के लिए काम करने वाले स्थानीय समुदायों से गंगा प्रहरी-नदी के संरक्षक और प्रशिक्षित स्वयंसेवक शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गंगा प्रहरियों के अलावा, जलीय जीवों यानी डॉल्फीन, कछुओं आदि के संरक्षण और संरक्षण में शामिल निजी नागरिकों, गैर सरकारी संगठनों और नदी संरक्षण और सामुदायिक पहुंच को भी गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## गणतंत्र दिवस पर स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

# सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी बने सम्मान के हकदार

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ कुल 715 पुलिस अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के कुल 715 अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी सूची के अनुसार प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों, कमिश्नरेट, एसटीएफ, पीएसी, यूपी-112, रेडियो मुख्यालय, सुरक्षा मुख्यालय और अन्य विशेष इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह तथा प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम) प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह पाने वालों की टॉप सूची में इंस्पेक्टर सदाशिव मौर्य, पवन कुमार सिंह, लोकेंद्र कुमार झा, हरिकेश राय, विनय कुमार सिंह, गुलाब त्रिपाठी और दिलीप कुमार मिश्र के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा सब-इंस्पेक्टर स्तर पर क्यूआर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह और सूर्यभान द्विवेदी को भी उत्कृष्ट श्रेणी में चुना गया है। वीरता पदक पाने वालों में इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सब-इंस्पेक्टर सौरभ मिश्रा, हेड कांस्टेबल कविंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अमीत, हेड कांस्टेबल बैजनाथ राम, मनोज कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश, उप पुलिस अधीक्षक धर्मेश कुमार शाही, इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह, सब-इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश कुमार उपाध्याय, सब-इंस्पेक्टर जर्रार हुसैन, सुनील सिंह तथा कांस्टेबल कुनाल मलिक शामिल हैं। सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में आईजी आकाश कुलहरि, अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक घनश्याम, डीसीपी नीरज कुमार पांडेय, डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट निहारिका शर्मा, डीसीपी डा. प्रवीण रंजन सिंह, कमांडेंट संजीव कुमार बाजपेई, एसपी रोहित मिश्रा, एएसपी प्रेम चंद, कमांडेंट सर्वेश कुमार मिश्रा, एएसपी सत्यपाल सिंह, एएसपी राहुल मिथास और एएसपी राज कुमार प्रमुख हैं।

### शिवांग वर्मा बतौर वॉटर वॉरियर गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित

**लखनऊ।** जिला गंगा समिति, लखनऊ के जिला परियोजना अधिकारी शिवांग वर्मा को नदी संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए गणतंत्र दिवस परेड 2026 के अवसर पर नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा द्वारा शिवांग वर्मा का चयन 'वॉटर वॉरियर' के रूप में किया गया है। वर्तमान में जिला गंगा समिति, लखनऊ के साथ जिला परियोजना अधिकारी के रूप में कार्यरत शिवांग वर्मा गोमती नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय रूप से संलग्न रहे हैं। उनके प्रयासों का मुख्य फोकस व्यवहार परिवर्तन, सामुदायिक सहभागिता और नदी-केंद्रित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व पर रहा है। यह कार्य जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ विशाख जी के मार्गदर्शन तथा प्रभागीय वन अधिकारी, लखनऊ सितांशु पांडेय के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। गोमती नदी के अतिरिक्त, शिवांग वर्मा ने कुकरैल नदी से जुड़े जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रमों का नेतृत्व एवं सहयोग भी किया है।



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



## वृहद आर्थिक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर आर्थिक सर्वेक्षण और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बयान जैसे बड़े घरेलू तथा वैश्विक कारकों का असर दिखेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने से पिछले सप्ताह वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से भी निवेश धारणा कमजोर रही। वित्त वर्ष 2025.26 का आर्थिक सर्वेक्षण 29 जनवरी को संसद में पेश किया जाएगा। औद्योगिक उत्पादन के दिसम्बर के घरेलू आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों में प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक 27.28 जनवरी को होने वाली है। बीते सप्ताह पांच में से चार कारोबारी दिवस प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही जबकि गुरुवार को तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,032 अंक (2.43 प्रतिशत) लुढ़क गया और शुक्रवार को 81,537.70 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी- 50 सूचकांक 645.70 अंक यानी 2.51 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 25,048.65 अंक पर बंद हुआ। प्रमुख सूचकांकों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 4.65 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 5.81 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। एनएसई में सप्ताह के दौरान रियलटी सेक्टर का सूचकांक सबसे अधिक 11.33 प्रतिशत लुढ़क गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में 6.55 प्रतिशत की गिरावट रही।

## पहला मेड इन इंडिया पायलट प्रशिक्षण विमान साल के अंत तक भरेगा उड़ान

**नई दिल्ली।** किसी निजी कंपनी द्वारा निर्मित देश का पहला स्वदेशी पायलट प्रशिक्षण विमान डायमंड डीए40 इस साल के अंत तक उड़ान भर सकता है। डीए40 विमानों की निर्माण शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कर रही है, जो भारत के शक्ति समूह और ऑस्ट्रिया के डायमंड एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज का साझा उपक्रम है।

कंपनी ने मार्च 2025 में देश में इन विमानों की आपूर्ति शुरू की थी, लेकिन इनका भारत में निर्माण अभी नहीं हो रहा है। कंपनी ने ई-मेल पर भेजे गए सवालों के जवाब में बताया कि वह तमिलनाडु के त्रिपुर में डीए40 विमानों के निर्माण के लिए एसेंबली लाइन बना रही है। उत्पादन के लिए सभी उपकरण वहां पहुंच चुके हैं। इसे इस साल के मध्य तक डीजीसीए से सीएआर 21 प्रमाणन मिलने की उम्मीद है। इसके बाद अंतिम असेम्बली शुरू होगी। कंपनी ने बताया कि वह इस साल की अंतिम तिमाही (अक्टूबर- दिसम्बर) के दौरान इन विमानों की डिलिवरी शुरू करेगी। एसएआईपीएल ने परियोजना के पहले चरण में 450 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की योजना बनाई है। भारतीय कंपनियों की जरूरतें पूरी करने के अलावा कंपनी की योजना भारतीय उपमहाद्वीप के दूसरे देशों में भी डीए40 एनजी विमानों के निर्यात की है।

## चावल, दालों में साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं और चीनी में नरमी रही। दालों के भाव बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 28 रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,839 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ और 3,299 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति भी 12 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल का भाव 98 रुपये और पाम ऑयल का 85 रुपये बढ़ गया। मूंगफली तेल 77 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 83 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 42 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## तिरंगे का सम्मान तभी सार्थक है, जब संविधान सुरक्षित रहे: प्रिंस सोनी

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस सोनी ने कहा कि तिरंगे का वास्तविक सम्मान तभी संभव है, जब देश का संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रवाद के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

प्रिंस सोनी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ में आयोजित तिरंगा पदयात्रा को संबोधित कर रहे थे। संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में आम आदमी पार्टी लखनऊ इकाई की ओर से भव्य तिरंगा पदयात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने किया। पदयात्रा छोटा इमामबाड़ा से शुरू होकर रूमी गेट, हुसैनाबाद पहुंची, जहां सामूहिक राष्ट्रगान के साथ इसका शांतिपूर्ण समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए कार्यकर्ता भारत माता की जय और संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ के नारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा इलाका राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा रहा। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। लप्रस सोनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आम नागरिक की ढाल है। जो लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, वे वास्तव में जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं।

## विश्व के कोने-कोने तक गूंजी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान

**लखनऊ, वार्ता**




उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के तीन दिवसीय समारोह (24-26 जनवरी) की शुरुआत के साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना ने भौगोलिक सीमाओं से आगे बढ़कर राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई। उद्घाटन दिवस पर उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव न केवल प्रदेश के कोने-कोने में, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के अनेक देशों में भी आयोजित किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी व्यापक रूप से मनाया गया। मालदीव, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, रूस, मंगोलिया, सिगापुर, श्रीलंका और म्यांमार सहित लगभग 15 देशों में आयोजित कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रवासी समुदाय एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फिल्म प्रदर्शन और संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, कलात्मक परंपराओं और विकसित होती पहचान को प्रस्तुत किया गया, जिससे विदेशों में बसे भारतीय समुदायों में गर्व और आत्मीयता की भावना और प्रबल हुई। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय मंच से भी गर्मजोशी भरी शुभकामनाएं प्राप्त हुईं। जापान के ओसाका-कोबे, फ्रांस के सेंट डेनिस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, श्रीलंका के जाफना, यूनाइटेड किगडम तथा यूरोप के लिथुआनिया में स्थित भारतीय मिशनों एवं वाणिज्य दूतावासों द्वारा भेजे गए संदेशों ने उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया। पर्यटन मंत्री ने जानकारी दी कि दूतावास स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और क्यूरेटेड प्रेज़ेंटेशन शामिल रहे। रूस स्थित भारतीय दूतावास में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को केंद्र में रखते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास एवं टैगोर सेंटर में प्रदेश की समृध परंपराओं, प्रमुख पर्यटन स्थलों और जीवंत कला रूपों को प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश को परंपरा और प्रगति के संगम के रूप में प्रदर्शित किया गया। मंगोलिया, सिगापुर, म्यांमार, श्रीलंका, सेंट डेनिस, कांगो डीआर और जाफना से भी इसी प्रकार के आयोजनों की जानकारी आधिकारिक मिशन संचार माध्यमों के माध्यम से प्राप्त हुई। व्यापक जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वीडियो संदेश भी प्रदर्शित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के पहले दिन देश के लगभग 20 राज्यों में उत्सव का माहौल रहा। वरिष्ठ नेताओं एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया गया। दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, तमिलनाडु और गोवा सहित कई राज्यों में आयोजन हुए। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में उपराज्यपाल कार्यालय, मुंबई, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और पंजाब समेत अनेक स्थानों पर स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के प्रति देशव्यापी सहभागिता और एकजुटता को दर्शाते हैं। प्रदेश भर में पहले ही दिन उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव जनपदों में व्यापक रूप से मनाया गया। 24 जनवरी को सिधार्थनगर, भदोही, हाथरस, एटा, सोनभद्र, चंदौली, कन्नौज, औरैया, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, कानपुर, कुशीनगर, बिजनौर, इटावा, चित्रकूट, गाजीपुर, गोंडा सहित लगभग 30 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराएं, सामाजिक पहलें और विकासात्मक उपलब्धियों को केंद्र में रखा गया, जबकि आगामी दो दिनों में और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। 24 जनवरी को राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों और राज्य नेतृत्व की गरिमामई उपस्थिति रही। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृधि, विकास यात्रा और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।


सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
2026 की हार्दिक
शुभकामनाएं
मौ0 मुजतबा
एडवोकेट
राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
ओ.बी.सी. मोर्चा
मो0- 9837172812
अब्दुल हसीब मलिक
भावी प्रत्याशी नगर पंचायत छुटमलपुर
मो0 9927966523




गणतंत्र दिवस की
दिली मुबारकबाद
फरहाद आलम गाड़ा
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी, सहारनपुर


RLD
सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. जयंत चौधरी जी
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
श्री विजय कौशिक
दीपक तोमर
प्रमोद कुमार शर्मा
राष्ट्रीय महासचिव
भूपेन्द्र सिंह
प्रदेश महासचिव
कपिल चौधरी
चौ. नीरपाल सिंह
M : 9760060100


Happy Republic Day
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नौशाद मलिक
अध्यक्ष
सहारनपुर प्रेस क्लब
मो. 9760552651


GLOCAL
UNIVERSITY
SHAPING GLOBAL MINDS
ग्लोकल परिवार की ओर से
आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS ASIA 2026
ASIA RANKING
801-850
SUBREGIONAL RANKING
(SOUTHERN ASIA)
254
GLOCAL SCHOOL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
Course
B.Tech. (CE, ME, Fire & Safety)
B.Tech. (Lat. Entry)
B.Tech. CSE
M.Tech (CSE, Environmental)
Diploma in Engineering (CSE, CE, ME, EE)
BCA
MCA
GLOCAL SCHOOL OF BUSINESS & COMMERCE
Course
BBA
MBA
B.Com.
M.Com.
M.H.H.C.M. (Master in Hospital and Health Care Management)
BHM (Bachelor in Hotel Management)
MHM (Master in Hotel Management)
GLOCAL SCHOOL OF JOURNALISM & MASS COMM.
Course
BJMC
MJMC
GLOCAL SCHOOL OF ARTS AND SOCIAL SCIENCE
Course
BA / BA (Hons.) Hindi, English, Political Science, Sociology Economics, History
MA Hindi, English, Political Science, Sociology Economics, History
FACULTY OF EDUCATION GLOCAL UNIVERSITY
Course
B.Ed.
D.El.Ed.
GLOCAL SCHOOL OF AGRICULTURE SCIENCE
Course
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. (Agronomy)
Diploma in Agriculture
GLOCAL SCHOOL OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
Course
D.Pharma
B.Pharma
GLOCAL LAW SCHOOL
Course
LLB
BA LLB
BBA LLB
LLM
GLOCAL SCHOOL OF RESEARCH
Ph.D. (IN ALL ABOVE DISCIPLINE)
GLOCAL COLLEGE OF AYURVEDIC MEDICAL SCIENCE & RESEARCH CENTRE
Course
B.A.M.S.
Diploma in Panchkarma Therapy
GLOCAL UNANI MEDICAL COLLEGE HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
Course
B.U.M.S.
GLOCAL SCHOOL OF NATUROPATHY & YOGI SCIENCE
Course
B.N.Y.S.
GLOCAL UNIVERSITY PHARMACY COLLEGE
Course
D.Pharma
B.Pharma
B.Pharma (Lat. Entry)
B.Pharma Practice
M.Pharma (Pharmaceutics/ Pharmaceutical Chemistry/ Pharmacology)
GLOCAL SCHOOL OF LIFE & ALLIED HEALTH SCIENCES
Course
B.Sc. (Botany, Zoology, Biotechnology, Microbiology)
M.Sc. (Botany, Zoology, Biotechnology, Microbiology)
GLOCAL SCHOOL OF SCIENCE
Course
B.Sc. (Computer Science, Statistics, Physics, Chemistry, Mathematics, Environmental Science)
M.Sc. (Computer Science, Statistics, Physics, Chemistry, Mathematics, Environmental Science)
GLOCAL COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCE & RESEARCH CENTRE
Course
B.Sc. MLT (Medical Laboratory Technology)
B.Sc. RIT (Radio Imaging Technology)
BPH (Bachelor of Public Health)
MPH (Master of Public Health)
Diploma in Dialysis Technician
Diploma in Cardiology Technician
Diploma in Dialysis Technician
Diploma in C.T. Scan
Diploma in Emergency & Trauma Care Technician
Diploma in OT Technician
Diploma in Health Assistant
Diploma in Optometry
Diploma in MRI Technician
GLOCAL COLLEGE OF NURSING & RESEARCH CENTRE
Course
B.Sc. Nursing
A.N.M.
ADMISSIONS
ARE OPEN 2026
INDIA RANKINGS 2025
nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK
151-200
RANK-BAND UNIVERSITY
GLOCAL UNIVERSITY
100
RANK PHARMACY
GLOCAL UNIVERSITY
INTERNATIONAL PACKAGE
52.0* LACS ₹PER ANNUM
DOMESTIC PACKAGE
20.5* LACS ₹PER ANNUM
AVERAGE PACKAGE
5.25* LACS ₹PER ANNUM
100% PLACEMENT ASSISTANCE
Justdial
AMERICAN EXPRESS
WC WEALTH CLINIC
FedEx
Bajaj Motors Limited
TATA CAPITAL
ASAHI INDIA
kotak
BT
pinclick
TATA
OILSERV
GENPACT
KARVY
To get any further details on admissions & other info, please call
+91-9311320018, +91-9311650087
*Terms & Condition Apply
Glocal University, Delhi Yamunotri Marg (State Highway 57) Mirzapur Pole, Saharanpur U.P.-247121, India

# बड़ौदा में किया गया हिन्दू विराट सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव बड़ौदा में बिटावदा मंडल का विराट हिंदू सम्मेलन बड़ौदा माता मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। आयोजन समिति के संयोजक और विभाग प्रचारक भूपेंद्र ने बताया कि कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां की गई थी।

बड़ौदा गांव को भगवा पताकाओं, फरियों, होर्डिंग और बैनर से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चियों और महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि बघरा आश्रम पीठाधीश्वर यशवीर महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिला बौद्धिक प्रमुख कुसुम बंधु ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमी लाल ने की जबकि संचालन सोमपाल शास्त्री ने किया।

इस दौरान युवाओं और बच्चों ने छोटे छोटे भाषण और प्रस्तुतियां दी। ?

विभाग प्रचारक भूपेंद्र ने संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सभी हिंदुओं से एकजुट होने और जातियों से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता का भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि यशवीर ने राजनीति से ऊपर उठकर समस्त हिंदुओं के बीच आपसी भाईचारा बनाए रखने अपने धर्म की रक्षा करने और सजग रहने की बात कही।



उन्होंने जातिवाद को खत्म करने पर जोर दिया। महाराज ने कहा नेताओं के चक्कर में न पड़ें।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर खतौली में दिखा देशभक्ति का उत्सव

**खतौली।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को खतौली नगर राष्ट्रप्रेम के रंग में पूरी तरह डूबा नजर आया। बाजारों से लेकर गलियों तक तिरंगे की छटा बिखरी रही, वहीं नन्हे बच्चों ने देशभक्ति का ऐसा ख्रश्य रचा, जिसने हर किसी का मन गर्व से भर दिया। बच्चों ने ऐतिहासिक 'ऑपरेशन सिंदूर' के वीरों को स्मरण करते हुए हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयघोष लगाए। रविवार की छुटी का लाभ उठाते हुए सुबह से ही मोहल्लों और कॉलोनियों में बच्चों की टोलियां तिरंगा लहराते हुए नजर आईं। अनुशासन और उत्साह के साथ बच्चों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। बच्चों का यह जोश देखकर बुजुर्गों और अभिभावकों के चेहरे गर्व से खिल उठे। बाजारों में दिखी गणतंत्र दिवस की रौनक

गणतंत्र दिवस को लेकर खतौली के प्रमुख बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला। जीटी रोड, जानसठ रोड सहित मुख्य चौराहों पर तिरंगे, बैज, रिबन, झंडियां और सजावटी सामग्री की अस्थायी दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ी रही। तिरंगे रंग के गुब्बारे और हवाई पटाखों की विशेष मांग रही। देर शाम तक दुकानदार ग्राहकों की भीड़ से घिरे रहे। कई लोग आसपास के गांवों से भी तिरंगा खरीदने पहुंचे।

सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। बाजारों और प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और लगातार गश्त की गई। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि इस बार गणतंत्र दिवस को लेकर खासतौर पर बच्चों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह और जागरूकता देखने को मिल रही है।

## ब्रह्मलीन स्वामी आनंदवेश को समाजसेवियों ने किया नमन



**मोरना।** गुरुकुल आश्रम शुकतीर्थ के संस्थापक स्वामी आनंदवेश जी महाराज को अनेकों योगाचार्य ,राजनीतिक, समाजसेवीयो ने नमन किया। शुक्रवार की देर रात्रि को 95 वर्षीय योगाचार्य स्वामी आनंद वेश महाराज का निधन हो गया था। शनिवार को संत समाज, अनूयाईयो, परिजनों सहित सैकडो लोग आश्रम प्रांगण में अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, साधुराम शर्मा हरिद्वार,सोमवीर सिंह आर्य, जोरावर सिंह बसेड़ा, सतबीर सिंह सोनीपत, स् आचार्य विजेंद्र गुरुकुल झरौली, आचार्य पवनवीर गुरुकुल गुरुकुल दुधाहेडी, सूरजमल आर्य श्रद्धानंद , कर्मवीर , मदनपाल एडवोकेट ,राजेश चौयरमेन, महाश्य तेजपाल, प्रकाशवीर प्रधान, सतीश चौयरमेन आदि ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना में लगा कैम्प

## रंगोली में अंशिका, दिव्यांशी, वंशिका व काजल शर्मा ने मचाया धमाल

■ सड़क सुरक्षा पर दी गई रौचक जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में स्वयं सेविकाओं को शपथ दिलाई गई। यहां छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा व कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चौधरी के निर्देशन में हुआ। यहां रंगोली कॉम्पीटिशन, पोस्टर मेकिंग कॉम्पीटिशन, मतदान व प्रेरक कविता पाठ आयोजित हुआ। रंगोली कॉम्पीटिशन के स्वराज ग्रुप में बीएससी होम साइंस की छात्रा अंशिका शर्मा, दिव्यांशी, बीकॉम की वंशिका व बीए की काजल शर्मा ने प्रथम स्थान पाया। अटल ग्रुप में बीएससी होम साइंस की छात्रा प्रिया, उपासना, साक्षी व सोफिया ने द्वितीय स्थान पाया। रानी लक्ष्मी ग्रुप में एमए अंग्रेजी की छात्रा रुपाली त्यागी, अनन्या व एजाज फातिमा ने तृतीय स्थान पाया। पोस्टर मेकिंग कॉम्पीटिशन मे बीए अंग्रेजी की छात्रा रुपाली त्यागी ने प्रथम, बीए प्रथम के सेमेस्टर की छात्रा रिया ने द्वितीय, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तानिया भट ने तृतीय स्थान पाया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व व शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा लोकतंत्र की ताकत ने ही नरेंद्र मोदी को गुजरात का सीएम व भारत का पीएम बनाया। एक मछुआरे का लड़का देश का राष्ट्रपति बना। कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चौधरी ने छात्राओं को युवा मतदाता के महत्व को बताया व राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को आपसी सहयोग व समाज सेवा संबंधित बातें बताई। छात्राओं को सड़क सुरक्षा के चलते सुरक्षा नियम के बारे में बताया। सुनीता चौधरी ने कार्यक्रम के सकुशल समापन पर सबका आभार जताया। यहां अंग्रेजी विभाग की रूपाक्षी, कॉमर्स विभाग की ज्योति, साइंस विभाग की सृष्टि, होम साइंस विभाग की सबा खान, सचिन कौशिक, चंद्रशेखर शर्मा का विशेष सराहनीय योगदान रहा।




**बुढाना:**एसडी गर्ल्स पीजी कालेज बुढ़ाना की छात्राएं मतदान करने का संकल्प लेती हुई।

## जौला में हुई एआईएमआईएम की बैठक



**बुढ़ाना।** एआईएमआईएम बुढ़ाना विधानसभा के गांव जोला में जिलाध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के आदेश अनुसार व विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन हुआ। आसिफ मलिक के यहां पर यह मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें संविधान को लेकर के लोगों के बीच में संविधान की बातें रखना और संविधान ने हमें क्या दिया कौन कौन से हक और हुकूक दिए हैं उसको पब्लिक के बीच में रखना और संविधान पर चलकर के अपनी पार्टी को मजबूत करना लोगों को जागरूक करना मजबूती से अपनी बातों को उठाने लोगों के हक और हकूक के लिए संविधान के दायरे में रहकर के हासिल करना व मजलूमों, वंचितों, कमजोर कमेरे, मुसलमान, दलित हिंदू, मुस्लिम, सिख व इसाई सभी को साथ में लेकर के चलना इस पार्टी का उद्देश्य है और इस पार्टी की विचारधारा को घर घर तक पहुंचाने के लिए और पार्टी को जिला पंचायत और विधानसभा 2027 में मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए लोगों के दरमियान में जाकर के उनको जागरूक करेंगे और कामयाब होंगे। जिसमें बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी की बातों से प्रभावित होकर कई लोगों ने सदस्यता ली। जिसमें मुजफ्फरनगर महासचिव आजम फारुकी, विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, संगठन मंत्री आसिफ मलिक, पंडित अमित कुमार, बुढ़ाना विधानसभा सचिव अब्दुल रहमान, युवा मोर्चा अध्यक्ष परवेज खान और समीर सिद्दीकी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरों ने पूरा ही ट्रांसफार्मर किया चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक गांव के जंगल में रखा हुआ लाखों रुपये की कीमत का एक संपूर्ण विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी कर पुलिस में हड़कंप मचा दिया। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरथल में स्थित बिजलीघर के अवर अभियंता विकास सिंह पुत्र अशोक सिंह ने बुढ़ाना कोतवाली में बीते दिन एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 18 जनवरी की प्रथम रात्रि में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र कुरथल के अंतर्गत ग्राम नगवा के जंगल में कुरथल ख्रषि फीडर से पोषित चोहल सिंह पुत्र राजाराम के 25 केवीए ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों द्वारा संपूर्ण ट्रांसफार्मर को चोरी कर लिया गया। साइट से मात्र 01 नंबर 11 केवी की बुकिंग टूटी हुयी अवस्था में पायी गयी। जेई ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने भी अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## यूजीसी के 'इक्विटी रेगुलेशंस 2026' पर सवाल: सामान्य वर्ग के छात्रों में असुरक्षा बढ़ने का आरोप

**खतौली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लागू किए गए प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेगुलेशंसख्र2026 को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन, खतौली के नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने रविवार को जारी एक प्रेस बयान में इन नियमों को भेदभावपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कानून सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए असुरक्षा, मानसिक उत्पीड़न और भविष्य को लेकर अनिश्चितता पैदा कर सकता है। अभिषेक गोयल ने कहा कि समानता और भेदभाव खत्म करने के उद्देश्य से लाया गया यह अधिनियम व्यवहारिक रूप से एक वर्ग विशेष के प्रति अत्यधिक उदार दिखाई देता है, जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों की अनदेखी करता है। उन्होंने आशंका जताई कि इससे शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक समरसता की बजाय द्वेष और तनाव का माहौल बन सकता है। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम 15 जनवरी से देशभर के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में लागू कर दिया गया है। नए नियमों में जातिगत भेदभाव की परिभाषा केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग तक सीमित रखी गई है। ऐसे में यदि किसी सामान्य वर्ग के छात्र के साथ उसकी जाति के आधार पर भेदभाव होता है, तो वह इन नियमों के तहत शिकायत दर्ज नहीं करा सकेगा। अभिषेक गोयल ने यह भी कहा कि ड्राफ्ट नियमों में झूठी शिकायतों पर जुर्माने का प्रावधान था, लेकिन अंतिम अधिसूचना में इसे हटा दिया गया है। इससे नियमों के दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई है और निजी रंजिश के चलते सामान्य वर्ग के छात्रों को झूठे मामलों में फंसाया जा सकता है। उन्होंने चिंता जताई कि यदि केवल आरोप के आधार पर एफआईआर दर्ज होती है, तो मेधावी और प्रतिस्पर्धी छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ऐसे प्रावधान छात्रों की मानसिक क्षमता और करियर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।जांच समितियों की संरचना पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यदि समिति के सभी सदस्य एक ही वर्ग से संबंधित होंगे, तो जांच की निष्पक्षता पर संदेह स्वाभाविक है। इससे छात्रों में हीन भावना, मानसिक उत्पीड़न, शिक्षा से वंचित होने और सामाजिक असंतोष जैसे गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। अंत में अभिषेक गोयल ने केंद्र सरकार से मांग की कि यूजीसी द्वारा लाए गए इस अधिनियम को वापस लिया जाए या आवश्यक संशोधन किए जाएं, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में वास्तविक समानता और न्याय सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष शैक्षणिक वातावरण ही छात्रों को आगे बढ़ने और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने का अवसर दे सकता है।

# बघरा दरगाह में मनाया गया जश्न

**मुजफ्फरनगर।** दरगाह ए आलिया बाबुल हवाईज बघरा मे 3,4 शाबान जशने तमन्नाए अली बा-मुनासिब्बत विलादत

बा-सआदत हज़रत अब्बास (अव सव) और 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को धूम धाम से मनाया गया

जश्न की शुरुवात मे क़ुरान की तिलावत डॉ हसन मेहंदी ने की और निज़ामत मज़हर मारुफी ने की

इस बार भी इस प्रोग्राम मे हिंदुस्तान के मशहूर ओ मारूफ शायरो अपना अपना कलाम पेश किया आक़ा का मेरे हुक्म ही सादीर नहीं मुझ पर तलवार तो सेक़ाल है मगर रोके हुए लशकर(नशतर सिरसिवी) क़र्बला से क़बल मिलती है अबुतालिब के नाम क़र्बला के बाद है हर एक सदी अब्बास की (चांद फैजी साख्नवी)उसको अलम के पास भी जाने का हक़ नहीं जो शख्स आपने भाई से मिलके दग़ा करे (उस्ताद अज़ादार बाक़री)प्रचमे दीन पे शानो को कटाने वाले अब



हज़ारो है अलम तेरा उठाने वाले (अरमान चारथवाली)जैसे नाम वर शोहरा ने आपने कलाम से नवाज़ा आरिफ बघरवी, साबिर अली इमरानी, कोसर केरनवी, अंजुम जाफरी, फरहान बनारसी, मासूम अमरोही, हकीम ज़रगम, अनवर पंजाबी, रौनक अली, नशतर सिरसिवी, मंजूर अब्बास, नग़मि कीर्तपुरी, यासुब गोपालपुरी, डॉ अहमद मिया कवाल, मुस्तक़ीम, फ़लक़, हैदर मुबारक, मंजूर अब्बास, जावेद छोलसी, जरी, मुनीर, शगीर, हैदर काज़्मी, सभी शायरों ने अपने अपने कलाम से समाइन को नवाज़ा कमेटी के लोगो ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## ऑपरेशन कवच के तहत खतौली हाईवे पर पुलिस का सख्त पहरा



**खतौली।** गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से खतौली पुलिस ने शनिवार को दिल्लीख्रदेहरादून नेशनल हाईवे पर सख्त निगरानी अभियान चलाया। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशों पर संचालित 'ऑपरेशन कवच' के अंतर्गत भंगेला चेक पोस्ट पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हर आने-जाने वाले वाहन की गहन जांच की गई। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त रुख अपनाया गया, जिससे हाईवे पर कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही।

**बिना हेलमेट हाईवे पर एंट्री बंद** पुलिस ने अभियान के दौरान 'नो हेलमेट, नो हाईवे' नियम को पूरी सख्ती से लागू किया। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को मौके पर ही रोककर हाईवे से वापस भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा नियमों से समझौता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। **काली फिल्म पर चला पुलिस का कैंची अभियान** हाईवे पर दौड़ रही लग्जरी कारों की विशेष जांच की गई। जिन वाहनों में प्रतिबंधित जेड ब्लैक फिल्म पाई गई, उनकी फिल्म मौके पर ही उतरवाई गई। कुछ प्रभावशाली वाहन चालकों ने विरोध करने की कोशिश की, जिस पर कोतवाल की उनसे तीखी बहस भी हुई। बावजूद इसके पुलिस ने किसी दबाव में आए बिना चालान की कार्रवाई पूरी की। अभियान के दौरान संदिग्ध वाहनों की डिक्की, कागजात और पहचान की गहन जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहनों के ई-चालान काटे गए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल ने कहा गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। ऑपरेशन कवच के तहत असामाजिक तत्वों और नियम तोड़ने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आवास विकास कॉलोनी का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं मुज़फ्फरनगर विधानसभा से विधायक कपिल देव अग्रवाल ने आज अपनी विधानसभा क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलोनी के नागरिकों से सीधे संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने साफ़-सफाई, जल निकासी, सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नागरिकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में साफ़-सफाई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुदृढ़ किया जाए तथा सभी जनसमस्याओं का



शीघ्र, पारदर्शी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुज़फ्फरनगर के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितिन मलिक, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजलि चौधरी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, श्याम लाल प्रजापति, भूपेंद्र प्रजापति सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जश्न-ए-जम्हूरियत मुशायरा

**मुज़फ्फरनगर।** यौमे- ए-जम्हूरिया (गणतंत्र दिवस) की पूर्व संध्या पर सद्भावना मंच सेक्युलर फ्रंट, मुज़फ्फरनगर की ओर से एक शानदार और यादगार मुशायरा हजश्न-ए-जम्हूरियतह का आयोजन इंजीनियर नफ़ीस राना के आवास, सूजड़ू चुंगी पर किया गया। इस साहित्यिक आयोजन में शायरी के माध्यम से मोहब्बत, भाईचारे, अमन और संविधान की आत्मा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की सदारत मशहूर उस्ताद शायर हसीन हैदर जानसठी ने की, जबकि संचालन अल्ताफ मशल ने किया। मेहमान-ए-खुसूसी के तौर पर आलमी शायर रियाज़ सागर, पूर्व विधायक राव वारिस, सपा ज़िलाध्यक्ष जिया चौधरी और व्यापारी नेता संजय मित्तल मौजूद रहे। इस मौके पर पैग़ाम-ए-इंसानियत के अध्यक्ष आसिफ़ राही, प्रयत्न संस्था के सचिव असद फ़ारूक़ी, उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के ज़िलाध्यक्ष कलीम त्यागी, एडवोकेट कमरुज़्ज़मा, मास्टर इसरार, शाहवेश राव, डॉ. फ़र्रूख हसन, यूडीओ सचिव शमीम क़स्सार, गुलफाम अहमद, नदीम मलिक, अरशद अंसारी, मुर्शिद खान, अन्नू राना, इंजीनियर असद पाशा, ज़फरयाब खान सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर हसीन हैदर जानसठी ने कहा जम्हूरियत सिर्फ़ एक निज़ाम नहीं, बल्कि एक सोच है, जिसमें हर इंसान को बराबरी का हक़ मिलता है। ऐसे मुशायरे हमारी साझा तहज़ीब और संविधान की रूह को ज़िंदा रखते हैं। आलमी शायर रियाज़ सागर ने कहा शायरी हमेशा से इंसानियत और अमन का पैग़ाम देती आई है। गणतंत्र दिवस पर यह मुशायरा हमारी गंगा-जमुनी तहज़ीब का बेहतरीन नमूना है। पूर्व विधायक राव वारिस बोले हमारा संविधान हमें भाईचारे और सेक्युलर सोच का सबक़ देता है।

ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द और आपसी विश्वास को मज़बूत करते हैं। सपा ज़िलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा जश्न-ए-जम्हूरियत जैसे कार्यक्रम नौजवानों को लोकतंत्र और संविधान से जोड़ने का काम करते हैं। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने कहा मुज़फ्फरनगर की पहचान हमेशा आपसी मेल-मिलाप रही है। यह मुशायरा उसी रिवायत को आगे बढ़ाता है। **सम्मान समारोह** इस अवसर पर उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष कलीम त्यागी को उनकी उर्दू सेवाओं के लिए शाल ओढ़ाकर और फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी अतिथियों और शायरों को भी शाल व गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के कन्वीनर गौहर सिद्दीकी ने कहा कि इस तरह के मुशायरे जम्हूरियत को मज़बूत करने, भाईचारे को बढ़ावा देने और उर्दू ज़बान के फ़रोग के लिए बेहद अहम भूमिका निभाते हैं। शायरों के चुनिंदा अशआर रियाज़ सागर मैं ज़ुल्मतों को चीर के लाया हूँ रोशनी,इस शौक़ में धुआँ भी निगलना पड़ा मुझे। हरी ओम शर्मा कुछ फूलों की माला रखते, कुछ फूलों में ख़ंजर रखते हैं, यह तो मोहब्बत का कारवाँ है, हम सबको अपना कहते हैं।

हसीन हैदर जानसठी मैं कोई जिस्म नहीं हूँ जो मर जाऊँगा,बनके अल्फ़ाज़ किताबों में उतर जाऊँगा। सलामत राही आपके चेहरे को मैं भी चाँद तो लिख दूँ, दाग़ है इसमें भी देखो, रौशनी अपनी नहीं। तहसीन कमर मेरे प्यारे वतन, मेरे प्यारे वतन,जान से बढ़कर है हमको तेरा चलन। सैफ हैदर ख़्वाब-ओ-ख़याल में मेरे आया न कीजिए, आया करें तो लौट के जाया न कीजिए। आस मोहम्मद अमीन आग लगाकर पीछे हटना आसान है, आग लगाकर आगे बढ़ना मुश्किल है। अल्ताफ मशल नरम अलफ़ाज़ के ज़ेवर से सजाती है मुझे सारे आदाब ये उर्दू ही सिखाती है मुझे

### प्रत्याशी मुरसलीन कस्सार ने किया प्रतिष्ठान का शुभारंभ

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के हुसैनपुर कलां गांव में न्यू खान मिष्ठान भंडार का उद्घाटन मुजफ्फरनगर जिला पंचायत के वार्ड नंबर 20 से सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे निर्दलीय उम्मीदवार मुरसलीन कस्सार ने अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में कैंची से फीता काटकर किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से साहेब कुरेशी, इलियास चौधरी, मुन्ना खान, रिजवान अब्बासी, वसीम अब्बासी, देवेंद्र विश्वकर्मा, रामपाल सिंह, साबिर हलवाई, श्रीराम हलवाई, मेहरबान अब्बासी, कामरान खान और दुकान के आनर गुलशेर खान हलवाई आदि सैंकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**आवश्यक सूचना**

**पाल धर्मशाला समिति शुकताल ग्राम व पोस्ट शुकताल तीर्थ स्थान, जिला मुजफ्फरनगर ( उत्तर प्रदेश )**

सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिटस, सहारनपुर मण्डल सहारनपुर महोदय द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशो के परिपालन में पाल समाज को सूचित किया जाता है कि एजेन्डे सं0 30 दिनांक-15.01.2026 के अनुसार पाल धर्मशाला समिति में सदस्य बनने हेतु आवदेन पत्र दिनोंक-29.01.2026 तक प्राप्त कर स्वीकार किये जायेगें। इच्छुक पाल समाज का व्यक्ति सदस्य बनने हेतु अपने-अपने आवेदन पत्र आधार कार्ड, फोटो सहित दिनॉक-29.01.2026 को सांय 04.00 बजे तक मंत्री/कोषाध्यक्ष प्रबन्ध कार्य कारिणी समिति को उपलब्ध कराये।

नोट:-संस्था की सदस्यता केवल पाल समाज का वह व्यक्ति उपयुक्त होगा जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो, नैतिक आचरणो वाला हो. सजायाफता न हो, पागल न हो, दिवालिया न हो के लोगो की निम्न वर्गो में होगी।

मंत्री / कोषाध्यक्ष
मो0नं0 9634147181
मो0नं0 9997154416

# मुम्बई में नौगांवा के इंजीनियर की मौत

## होटल के कमरे में मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात। मुंबई में नौगावां सादात निवासी 28 वर्षीय सिविल इंजीनियर हसन आबिद की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। होटल के कमरे में शव मिलने की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया हालांकि मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को सुपुर्दखाक कर दिया गया है।



■ पांच दिन पहले ही लौटा था मुम्बई, परिवार में मचा कोहराम

कस्बे के मोहल्ला बड़ी इमली में पेशे से प्रॉपर्टी डीलर महफूज अली का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी सरकार फात्मा के अलावा बेटा हसन आबिद तथा बेटी कायनात है। बेटी बड़ी है, उसकी शादी हो चुकी है जबकि बेटा अभी अविवाहित था। हसन आबिद सिविल इंजीनियर था तथा मुंबई में रहते हुए बिल्डिंगों की ठेकेदारी का काम करता था। वहां वह एक होटल में प्राइवेट रूम लेकर रहता था। बीते दिनों नौगावां सादात आया हसन आबिद लगभग पांच-छह दिन पूर्व ही मुंबई वापस लौटा था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दोपहर तक जब हसन आबिद अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो होटल स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। लिहाजा, होटल स्टाफ ने किसी अनहोनी की आशंका के बीच पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो कमरे में हसन आबिद का शव पड़ा मिला। होटल रिकॉर्ड से नंबर लेने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घबराए पिता महफूज अली ने मुंबई में ही रहने वाले अपने भतीजे आशू को फोन किया, आशू ने जब संबंधित थाने पहुंचकर जानकारी ली तो हसन आबिद का शव मोर्चरी भेजे जाने का पता चला। पोस्टमार्टम के बाद रविवार सुबह घर पहुंचे शव को सुपुर्द खाक कर दिया गया है। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गंदे पानी में चारपाई डालकर किया प्रदर्शन

## गंदे पानी से नहाने व खाने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने गंदे पानी में चारपाई डालकर विरोध प्रदर्शन किया।

हसनपुर विधान सभा क्षेत्र के गांव रुखालू में मौजूद रास्ते पर गंदा पानी खड़ा हुआ है। ग्रामीणों का वहां से निकलना दुश्वार हो गया है। रविवार को ग्रामीणों के बुलावे पर भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि गांव का रास्ता गंदा पानी खड़ा होने के कारण बेहद खराब हो है। उसमें एक डेढ़ फुट पानी भरा हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ वहां पर महिलाओं व ग्रामीणों ने गंदे पानी में खाट डालकर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि अगर आने वाले समय में यह रास्ता ठीक नहीं किया गया तो हम लोग इसी पानी में नहाएंगे और खाना खाएंगे। और बच्चों को भी इसी पानी में रखेंगे। सरकार से मांग करते हुए कहा वह इसको जल्द से जल्द ठीक करने का काम करें। गांव में रास्ता बेहद खराब पड़ा है। लालमन खड़क सिंह, योगेश, देवेंद्र, कलुआ, देवी सहाय, राजवीर, सुरेश, जयपाल, कलुआ, द्रोपती, माया, तारा, शांति, कमलेश आदि मौजूद रहे।



### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र के गांव रहरा में चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में आज विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, मतदान की शपथ, मतदान जागरूकता रैली द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्याम सुंदर मौर्य जी द्वारा मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई। छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई तथा विद्यालय से एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार त्यागी विद्यालय चौयरमैन ब्रह्म दत्त त्यागी संरक्षक सुरेंद्र सिंह त्यागी तथा विद्यालय प्रधानाचार्य अनीता शर्मा द्वारा किया गया।

# स्कूटी गिरने के विवाद में बवाल, ट्रक का शीशा तोड़ा

## पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्कूटी गिरने को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। गुस्से में आए एक युवक ने न सिर्फ ट्रक में तोड़फोड़ की, बल्कि कारोबारी और चालक के साथ गाली-गलौज भी की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव बंबूगढ़ पंडकी निवासी राहुल यादव से जुड़ा है, जिनका शहर के कल्याणपुरा रोड पर कॉटन वेस्ट का कारखाना है। एफआईआर के अनुसार दो दिन पहले कारखाने के सामने उनका ट्रक लोड हो रहा था। इसी दौरान पास में खड़ी स्थानीय निवासी फराद मंसूरी की स्कूटी, ट्रक को थोड़ा पीछे करते समय हल्की टक्कर से गिर गई, जिससे उसका साइड शीशा टूट गया। ट्रक चालक विजयपाल ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए स्कूटी में हुए नुकसान की भरपाई की बात कही। इसके बावजूद फराद मंसूरी ने हंगामा शुरू कर दिया और चालक के साथ अभद्रता करने लगा। विवाद की सूचना मिलने पर जब कारोबारी राहुल यादव मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई। आरोप है कि फराद मंसूरी ने गुस्से में ट्रक में तोड़फोड़ करते हुए आगे का शीशा भी तोड़ दिया। घटना के बाद राहुल यादव ने शहर कोतवाली में तहरीर दी। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने बताया कि आरोपी फराद मंसूरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# फैक्ट्री में मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना गजरौला क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी संतोष कुमार पुत्र बब्लू सिंह जिवाई फैक्ट्री में रात मजदूरी करते समय अचानक उल्टी हुई जिसकी मौके पर मौत हो गई फैक्ट्री कर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मृतक संतोष कुमार के परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही पत्नी पूनम मां शकुंतला देवी व तीन बेटों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर के थे।



# मजदूरों के हक से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: दानिश

## मनरेगा बचाओ संग्राम में पहुंचे पूर्व सांसद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुंवर दानिश अली ने लोकसभा क्षेत्र के नौगावां विधानसभा के गांव में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को मनरेगा के नाम बदलने की कोशिश और उससे होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चौपाल में दानिश अली ने कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के बजट में कटौती, काम के दिनों में कमी और मजदूरी भुगतान में हो रही देरी से करोड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि कांग्रेस मनरेगा को उसकी मूल भावना के साथ पूरी मजबूती से लागू करने, 200 दिन का काम देने और समय से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रही है। जब तक मजदूरों को पूरा काम, पूरा भुगतान और सम्मानजनक रोजगार नहीं मिलेगा, तब तक यह आंदोलन गांव-गांव चलाया जाएगा। उन्होंने प्रशासन की लापरवाही पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी। कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक मजदूरों की आवाज बुलंद करेगी और उनके हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगी।

# गोविंदपुरम के शिव मन्दिर पर भंडारा

## श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गोविंदपुरम कॉलोनी स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में बने नर्मदेश्वर शिव मंदिर पर रविवार को द्वितीय वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन-पूजन के साथ हुई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन स्थल पर दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा और माहौल भक्तिमय बना रहा।सभासद नूतन रानी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाते हैं। भंडारे के माध्यम से सेवा का भाव पैदा होता है और लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, सपा नेता भूपेंद्र चौधरी, एडवोकेट विवेक सिंह, सभासद नूतन रानी, मास्टर योगेंद्र, विमल त्रिवेदी, अमित गर्ग, दीपचंद, हितेश चौधरी, तेजपाल सिंह, मदनपाल सिंह, अशोक रुहेला, पुष्पराज सिंह, लाभ अग्रवाल, शुभ अग्रवाल, जितेश कुमार, शैंकी अग्रवाल, प्रेम सिंह, गुरमीत सिंह, नीरज चौधरी, आनंद कुमार, रोजी त्रिवेदी, प्रमोद कुमारी, रीना चौधरी, उर्मिला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

## परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नकदी और जेवरात लेकर घर से निकली एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। काफी तलाश के बावजूद जब युवती का कोई सुराग नहीं लग सका तो परिजनों ने थकहार कर प्रेमी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक कारोबारी की बेटी का कैलसा बाईपास निवासी युवक जैद के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। एफआईआर के अनुसार 23 जनवरी की सुबह युवती घर में रखी अलमारी से करीब 50 हजार रुपये की नकदी और सोने के कुंडल लेकर घर से निकल गई और प्रेमी जैद के साथ फरार हो गई। बताया जा रहा है कि कारोबारी को बेटी के प्रेम-प्रसंग की जानकारी पहले से थी। इसको लेकर उन्होंने युवक को समझाने का प्रयास भी किया था, लेकिन परिजनों की बंदिशों के बावजूद दोनों के बीच संबंध बने रहे। पीड़ित पिता द्वारा दी गई तहरीर में बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका भी जताई गई है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पुलिस ने रैली निकाल पढ़ाया यातायात का पाठ

## नियमों का पालन करने की दी सीखा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को अमरोहा पुलिस द्वारा बाइक जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के जरिए आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। दोपहर 12 बजे पुलिस कार्यालय से रैली की शुरुआत एसपी अमित कुमार आनंद ने हरी झंडी दिखाकर की। रैली बंबूगढ़, टीपी नगर, गांधी मूर्ति, नंदन स्वीट्स, रामलीला ग्राउंड, जेएस इंटर कॉलेज होते हुए कोतवाली रोड से गुजरकर अमरोहा नगर कोतवाली पर जाकर संपन्न हुई। रैली को संबोधित करते हुए एसपी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से धारण करने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली में यातायात पुलिस, थाना पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, मोटर साइकिल एजेंसियों के स्टेकहोल्डर व कर्मचारी तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली के समापन के उपरांत उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में शपथ दिलाई गई। इस दौरान एसएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी अभिषेक यादव, टीएसआई अनुज मलिक, समाजसेवी अनिल कुमार जग्गा व इकबाल खान जम्बा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक ही नाम बता दीजिए आबिद के सिवा...

## इमाम जैनुल आबेदीन की यौमे विलादत पर मुशायरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत इमाम जैनुल आबेदीन के यौमे विलादत पर शहर के मोहल्ला दरबारे कलां स्थित अजाखाना शम्स अली खां में शनिवार रात मनक़बती मुशायरा आयोजित किया गया। शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश करते हुए श्रोताओं की खूब वाहवाही हासिल की। महफिल का आगाज तिलावते कलामे पाक से कारी मिर्जा अनस ने किया जबकि नाते पाक का नजराना नाजिम अमरोहवी ने पेश किया। शायरी का सिलसिला शुरू करते हुए मौलाना एहसन अख्तर सरोश ने कहा...कर्बला के सानेहा की यह हकीकत है सरोश, इस्तेदा शब्बीर की है इंतेहा सज्जाद की। डा. नसीममुजफर संभली ने फरमाया...नबूवतों के दामनों में कुछ ना आएगा नजर, हुसैन एक पल जो अपनी कर्बला समेट लें। जौहर सिरसिवी ने कहा...एक ही नाम बता दीजिए आबिद के सिवा, जो गिरफ्तार भी हो मालिक-ओ-मुख्तार भी हो। डा.मुबारक अमरोहवी ने पढ़ा...जो था हुसैन का कातिल उसी के घर सज्जाद, हुसैन की सफ-ए-मातम बिछा के बैठ गए। मुशायरे में इनके अलावा डा.लाडले रहबर, प्रोफेसर नाशिर नकवी, इसन इमाम, शीबान कादरी, मजहर शाहिद बहराइच, वसीम अमरो. हवी, रशीद मोरनवी, फरोग हसन, अकबर आबादी, नजर सुल्तानपुरी, खुर्रम वसीम, मुनव्वर जलालपुरी, मोहम्मद अली आदि शायरों ने भी अपना कलाम पेश किया। अध्यक्षता मौलाना शादाब हैदर व संचालन प्रोफेसर डॉ.नाशिर अमरोहवी व डॉ.मुबारक अमरोहवी ने संयुक्त रूप से किया। मौलाना डॉक्टर शहवार हुसैन, मौलाना गुलाम इमाम, शाने हैदर जैदी मंचासीन रहे। इस दौरान अब्बास हैदर, आबाद हसन, तनवीर हुसैन, हुसैन हैदर, जफर अली, मदद अली, हकीम गुलजार, डॉ.शरीक रियाज, कमर नकवी, विलायत अली, तबारक अली, काजिम अब्बास, डॉ. मोहम्मद नजर, हसनैन नवाब, शाहिद अकरम, बाकर राजा, आफताब हसनैन आदि लोग मौजूद रहे। आखिर में सेकेट्री नाजिम हुसैन आरिफ व फैज अकरम फैजी ने शुक्रिया अदा किया।

### अमर सिंह कालेज में मना मतदाता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** रविवार को अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुशरफ खान ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कटारिया ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। हर नागरिक को अपने मताधिकार का सही और ईमानदारी से प्रयोग करना चाहिए, तभी देश मजबूत बनेगा। उन्होंने युवाओं से आगे आकर मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी मुशरफ खान के साथ डॉ रूपा, निसार अहमद, शिवा, अक्षि, समरपाल सैनी, निशिन सैनी सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# पर्यावरण मंत्री केपी मलिक का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** जिले के प्रभारी व पर्यावरण मंत्री के.पी. मलिक के गजरौला आगमन पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल सहित स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व्यवस्था और सतत विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र में साफ-सफाई को बेहतर बनाने, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए नई योजनाओं पर विचार किया गया। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जनसहयोग से ही स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण बनाया जा सकता है नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन से नगर में जनहित से जुड़ी और पर्यावरण के अनुकूल योजनाओं को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग व भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### कुरआन पाक हिफ्ज होने पर की दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आधा दर्जन तालिबे इल्म का कुरान पाक हिफ्ज होने पर उनकी दस्तारबंदी की गई। बीती रात शहर की रेतिया वाली मस्जिद में 6 हाफिजो का कुरान मुकम्मल होने पर उनकी दस्तार बंदी की गई। कुरान मुकम्मल करने वालों में हाफिज मोहम्मद, समीर, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद उमर फारूक, मोहम्मद माआज, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद मुर्शीद शामिल थे। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद नवाब, मुफ्ती उबैदुर रहमान, मुफ्ती मुशव्वर, मुफ्ती शानू मौलाना अकरम, मौलाना फारूक, मौलाना ताहिर, सभासद शाहनवाज अंसारी, हाजी राजा हाजी शब्बीर अंसारी, चमन अंसारी मास्टर नूरुद्दीन, डॉक्टर परवेज अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# उधार सामान नहीं दिया तो युवक ने दुकानदार पर तमंचे से किया फायर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना गजरौला पुलिस द्वारा गांव में दुकान के सामने फायरिंग करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया। आरोपित के कब्जे से तमंचा व कारतूस व बोलेरो कार भी बरामद की गई।

■ पुलिस ने गिरफ्तार करके किया चालान, तमंचा व पांच कारतूस बरामद, बोलेरो सीज

थाना क्षेत्र के गांव टोकरा पटटी में पतेई एमन निवासी मनोज की स्पेयर पार्टस की दुकान है। शनिवार को यहां पर पतेई एमन गांव निवासी राजेन्द्र नामक युवक सामान लेने पहुंचा था। उसने मनोज से सामान खरीदा और उधार की बात करने लगा। मनोज ने उधार देने से मना किया तो राजेन्द्र ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए अंटी से तमंचा निकालकर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली मनोज को नहीं लगी। मनोज ने शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार व लोग एकत्र हो गए और आरोपित राजेन्द्र को मौके से ही पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक तमंचा, पांच कारतूस बरामद किए, जबकि आरोपित की बोलेरो कार को भी सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपित को चालान करके न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल प्रवीण कुमार व होमगार्ड जगदीश सिंह सम्मिलित रहे।



वहीं थाना पुलिस ने रविवार को ही संजीव कुमार व शीशराम निवासीगण मुहल्ला सन्तनगर (मायापुरी) कस्बा व थाना गजरौला, देवेन्द्र निवासी खाईखेड़ा खादर, चन्द्रप्रकाश निवासी धनौरी खुर्द थाना बछरायूं व सोनू कुमार निवासी ग्राम सादुल्लापुर थाना गजरौला को शांति भंग में निरूद्ध करके चालान किया।

# विशाल रंगोली व सामूहिक शपथ के साथ मनाया 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज मैदान में जिलास्तरीय भव्य आयोजन में जिलाधिकारी ने दिलाई मतदाता जागरूकता शपथ, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान**






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में डीएम अरविंद कुमार चौहान द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी कर दी गई है।

कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 8:30 बजे जनपद के समस्त सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात 9 बजे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। प्रात: 9:30 बजे पुलिस लाइन शामली में मुख्य समारोह आयोजित होगा, जहां ध्वजारोहण के साथ परेड की सलामी ली जाएगी। परंपरागत रूप से सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद 10 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों में झंडारोहण किया जाएगा। प्रात: 11 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फल व मिष्ठान वितरित किए जाएंगे। 11:30 बजे वृद्धाश्रम तथा 12 बजे कुष्ठ आश्रम में भी फल-मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। दोपहर 1 बजे नगर में भव्य मार्च-पास्ट निकाला जाएगा, जिसमें पुलिस बैंड, स्कूल बैंड, एनसीसी, होमगार्ड्स, स्काउट-गाइड एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। मार्च-पास्ट नगर पालि. का परिषद से प्रारंभ होकर विजय चौक पर संपन्न होगा। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रगान, देशभक्ति कार्यक्रम, निबंध, नाटक, विचार गोष्ठी, खेलक. ूद प्रतियोगिताएं एवं साइकिल रेस आदि आयोजित की जाएंगी। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं वीरता पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जनसभाओं में संविधान की मूल विशेषताओं, मतदान के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण, सीमित परिवार, सामाजिक समरसता एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।




# वेट लिफ्टिंग में महिलाओं ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को शहर के भैंसवाल रोड स्थित जिम में जिला स्तरीय महिला वर्ग की अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद भर से आई 50 महिला वेटलिफ्टरों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सीनियर वर्ग में किया गया। जूनियर वर्ग में कड़े मुकाबलों के बीच शिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि पायल ने रजत पदक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में धर्म फिटनेस जिम की खिलाड़ी तनु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं आरती एवं निधि ने रजत पदक प्राप्त कर अपनी क्षमता का परिचय दिया।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विदेश मलिक, निखिल खैवाल, बबलू उपाध्याय, उधल सिंह, सुशील कुमार एवं जय नारायण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिला खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महिलाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम के आयोजक सचिव गौरव कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रतियोगिता के दौरान रेफरी नरेश तोमर, सुनील कुमार, भीम सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वहीं विकास चौधरी, मयंक, प्रिंस मलिक एवं प्रज्ञा ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एवं तृतीय इकाई द्वारा रविवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो। लोकेश मलिक, कार्यक्रम अधिकारी डॉ। रोहित राणा, डॉ। प्रीतम सिंह एवं कु। गायत्री त्रिपाठी द्वारा किया गया। शिविर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वयंसेवकों द्वारा एक भव्य रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने नारों, गीतों एवं संदेशों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और लोकतंत्र में मताधिकार की अहम भूमिका को रेखांकित किया। रैली में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। डा। प्रीतम सिंह एवं कु। गायत्री त्रिपाठी ने कहा कि मतदान जाति, धर्म एवं स्वार्थ से ऊपर उठकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मतदाता शपथ दिलाई गई तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## एक नजर

### चाकू सहित युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से एक चाकू बरामद किया है। युवक के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस उप निरीक्षक पवन सिंह पुलिस टीम के साथ दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान के पास गस्त कर रहे थे। जहां पर संदिग्ध रूप से घूम रहे कस्बे के निवासी एक युवक गोविन्द पुत्र शेरसिंह निवासी अस्पताल कॉलोनी को हिरासत में ले लिया। जिसकी तलाशी में आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### 18 पव्वे शराब सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से अवैध शराब बरामद किया है। युवक के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस उप निरीक्षक अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ थाना भवन के दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर स्थित शमशान के पास गस्त कर रहे थे। जहां पर संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक अनमोल पुत्र रजनीश निवासी मोहल्ला छिपीयान थाना भवन को हिरासत में ले लिया। जिसकी तलाशी में आरोपी के कब्जे से 18 पाववे देसी शराब बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### बाबा बंशी वाले की प्रेरणा से विशाल भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा संघ द्वारा रविवार को शहर के ओम प्लाजा मार्केट में बाबा बंशी वाले की प्रेरणा से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। रविवार को आयोजित भंडारे का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद माता रानी की आरती की गई तत्पश्चात विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे में सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।अध्यक्ष सुरेन्द्र बंसल ने बताया कि प्रत्एक माह की शुक्ल पक्ष की चौदस पर पहले रविवार को संस्था द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। वही प्रत्एक माह के शुक्ल पक्ष की चौदस को एक बस संस्था की ओर से मां शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए जाती है। मौकेपर राकेश अग्रवाल, भौरीलाल संगल, नरेन्द्र धीमान, राकेश गर्ग, संजय धीमान, अशोक कुमार, राजीव कुमार, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### रक्त जांच शिविर का उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली सीनर्जी द्वारा जनहित में द्वितीय रक्त जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान कुल 85 लोगों की 250 से अधिक विभिन्न प्रकार की रक्त जांचें की गईं। इनमें शुगर, कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण शामिल रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते बीमारियों की पहचान कर उपचार के प्रति सजग बनाना रहा। इस अवसर पर लायंस क्लब शामली सीनर्जी के अध्यक्ष लायन डॉ। अजय वर्मा ने कहा कि क्लब समाज के प्रत्एक वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर सचिव रुचिर संगल, कोषाध्यक्ष निशांत गर्ग मौजूद रहे।

# एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों का सम्मान




**शामली।** 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर वर्ष 2025 में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण SIR - 2026 से संबंधित कार्य में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह में अरविन्द कुमार चौहान, IAS, जिला निर्वाचन अधिकारी, शामली एवं श्रीमती निधि भारद्वाज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कैराना को सम्मानित किया गया।

# विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन




**शामली।** शहर के मोहल्ला धर्मपुरा स्थित ब्रहमणान धर्मशाला में रविवार को एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित स्वामी यशवीर महाराज ने हिंदू समाज को संगठित होने का आह्वान करते हुए कहा कि एकता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होना होगा, तभी धर्म और संस्कृति की रक्षा संभव है। इसी क्रम में संघ से पधारे क्षेत्रीय कार्यकारी समिति सदस्य मनीराम ने कहा कि हिंदू एकता ही मूल मंत्र है और समाज को जातिवाद से ऊपर उठकर केवल एक पहचान हिंदू को अपनाना चाहिए। संघ के जिला सह बौद्धिक प्रमुख संजय कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि परिवार में संस्कारों का विकास आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने धर्म और हिंदू स्वाभिमान की रक्षा कर सके। वहीं कुमुद शर्मा ने राष्ट्र को जोड़ने और हिंदू समाज के उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने की, जबकि मंच संचालन डॉ। नीलेश वशिष्ठ द्वारा किया गया। सम्मेलन के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सुरेश चंद, प्रवीण कुमार, अतुल बंसल, रोबिन गर्ग, अतुल विक्रम कौशिक, पुनीत द्विवेदी, नवीन नामदेव, राजकुमार, मो. हित, दीपक, धीरज उपाध्याय, अभिषेक, विशु, प्रमोद, विनीत, प्रमोद नामदेव, शंकर, बिजेंद्र, मुकुल, विनोद तायल उपस्थित रहे।

# प्राइवेट अस्पताल में महिला की मौत के बाद परिजनों का हंगामा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के मुंडेट रोड स्थित एक प्राईवेट हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी और कोतवाली पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों व ग्रामीणों को शांत किया। बाद में परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को अपने साथ लेकर चले गए।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव निवासी विपिन ने अपनी 33 वर्षीय पत्नी रचना को सीने में दर्द होने के कारण तीन दिन पूर्व मुंडेट रोड स्थित मां गोदावरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। उपचार के बाद महिला को छुटटी दे दी गई थी। लेकिन गत शनिवार को महिला को दोबारा परेशानी होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसको कोई आराम नही मिला। रविवार सवेरे चिकित्सकों ने महिला की हालत में सुधार न होने पर करनाल के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन करनाल में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन महिला के शव को लेकर हॉस्पिटल पहुंचें और चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

सूचना पर सीओ सिटी अपेक्षा निंबाडिया, थाना आदर्शमंडी प्रभारी बीनू सिंह, शामली कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। बाद में परिजन चिकित्सक से समझोता हो जाने पर बिना किसी कानूनी कार्यवाही के लौट गए। महिला की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी, जिसके दो बच्चे है, जिसमें एक 25 दिन का और दूसरा दो वर्ष का बेटा है।

### पुलिस ने मौके पर आकर स्थिति को संभाला

महिला की मौत के बाद जहां चिकित्सक और परिजनों में समझोता हो गया था वही मामूली कहासुनी के बाद कुछ लोगों की चिकित्सक स्टाफ के साथ मारपीट हो गई।

दोनों पक्षों के मारपीट होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को फटकार लगाते हुए तितर बितर गया। जिसके बाद दोनों पक्ष वहां से लौट गए। हॉस्पिटल स्टाफ ने अकारण हॉस्पिटल में घुसकर झगडा करने का आरोप लगाया है।

# जलभराव से बेहाल भड़ी मार्ग, प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे के बिजलीघर के बराबर से भड़ी गांव को जाने वाली सड़क लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। बारिश हो या न हो, सड़क पर करीब एक फुट तक पानी भरा रहता है, जिससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क किनारे खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से स्थाई समाधान की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है, जिससे रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। जलभराव के कारण दोपहिया और पैदल चलने वालों को खास दिक्कत होती है, वहीं चारपहिया वाहन भी अक्सर फंस जाते हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। सड़क पर भरा पानी आसपास के घरों से निकल. कर आता है, लेकिन निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से यह यहीं जमा हो जाता है। इससे गंदगी फैल रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण फरमान, आसू, जावेद, सुभाष, सोनू और इकराम सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार इस समस्या को लेकर शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उनका कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए इस सड़क से गुजरना जोखिम भरा हो गया है।......................................

ग्राम पंचायत सचिव राहुल कुमार ने बताया कि संबंधित स्थान पर सड़क नीचे है और आसपास का क्षेत्र ऊंचा होने के कारण पानी यहीं एकत्र हो जाता है। उन्होंने कहा कि समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार कर सड़क को ऊंचा कराने की योजना बनाई जाएगी, ताकि भविष्य में जलभराव से राहत मिल सके।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में 24 टीमों ने किया प्रतिभाग

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा युगल क्राउन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 18 संस्थाओं की कुल 24 टीमों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। देर रात्रि शहर के करनाल रोड पर आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया। उन्होने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं अनुशासन, भाईचारे एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। इस प्रतियोगिता में नगर की 18 संस्थाओं की कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं, जो आयोजन की व्यापक स्वीकार्यता को दर्शाता है। टूर्नामेंट के मैच कॉर्डिनेटर की भूमिका क्लब अध्यक्ष गौरव मित्तल द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में 24 टीमों को चार ग्रुपकृए, बीसी एवं डीमें विभाजित किया गया है। ग्रुप ए की टीमें ग्रुप बी से तथा ग्रुप सी की टीमें ग्रुप डी से प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सभी मुकाबले बेस्ट ऑफ थ्री के आधार पर खेले गए। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन टीम-2 (अनिल कुमार-संजीव कुमार) ने लायंस क्लब उज्ज्वल टीम-2 (आलोक संगल-नीरज गोयल) को 21-6 व 21-9 से परा. जित किया। दूसरे मैच में यूपी उद्योग व्यापार मंडल के सुमित तोमर व आशीष जैन ने श्याम मित्र मंडल परिवार के सुधीर मलिक व नवीन बलियान को 21-17 व 21-7 से हराया। तीसरे मुकाबले में बीवीपी मेन टीम-2 (डॉ. केपी पंवार व अनिल निर्वाल) ने रोटरी क्लब शामली स्टार टीम-2 को 21-12 व 21-9 से शिकस्त दी। चौथा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें बीवीपी मानव द्धरोहित व तुषार मलिकऋ ने ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज टीम-2 को निर्णायक सेट में 21-12 से हराया। आगे खेले गए मुकाबलों में यूपी उद्योग व्यापार मंडल टीम-1 (तरुण शर्मा व नितिन मलिक) ने भारतीय विद्यार्थी संगम को, वहीं यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के डॉ। रजत देशवाल व संजय कुमार ने मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति को परा. जित किया। कुछ टीमों के अनुपस्थित रहने के कारण लायंस क्लब उज्ज्वल टीम-1, बीवीपी मिलाप, सायमा, बीवीपी मेन एवं लायंस क्लब नारायण को सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश मिला। लीग का अंतिम मुकाबला ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज टीम-1 ने संकल्प विकास समिति को 21-3 व 21-9 से जीतकर अपने नाम किया।

# कमिश्नर डा.रूपेश ने दिलाई मतदान की शपथ



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉक्टर रूपेश कुमार द्वारा 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करते हुए उपस्थित सभी को मतदाता शपथ दिलाई। इससे पूर्व उन्होंने मण्डलायुक्त कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस वर्ष 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की थीम मेरा भारत मेरी वोट रही जिसकी टैगलाइन सिटीजन एट द हार्ट ऑफ इण्डियन डेमोक्रेसी थी।

मंडलायुक्त ने उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग श्री ज्ञानेश कुमार का मतदाताओं को जागरूक करने हेतु वीडियो दिखाई गयी जिसके माध्यम से सभी ने उनका संद.'श सुना। डॉ. रूपेश कुमार ने जनमंच सभागार में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान एक अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। बिना किसी लालच व दबाव के अपने मत का प्रयोग करें। मतदान हमारा अधिकार और सही उपयोग हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता के हाथों में है। सही व्यक्ति को पहचान कर वोट करें और वोटिंग प्रतिशतता को बढ़ाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि एक जागरूक मतदाता अपने देश की सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए मतदान जरूरी है। वोट बनवाने के साथ ही मतदान की प्रक्रिया को ठीक से समझें एवं दुष्प्रचार से बचें। किसी के कहने पर विश्वास न करें, स्वयं समझ कर निर्णय लें। आज का युवा ही आने वाले समय में देश की सशक्त नीव बनेंगे। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें एवं प्रयास करें कि आपके परिवार के सभी लोगों का मत एक ही स्थान पर हो। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने अपनी वोट बनवाने के नियम, आयु सीमा, फॉर्म, एप के संबंध में मतदाता जागरूकता एवं मतदान की प्रक्रिया से संबंधित नए वोटरों को जानकारी दी। अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पीवन्द्रो पब्लिक स्कूल, इण्डस्ट्रीयल मुस्लिम इन्टर कॉलेज, गुरूनानक गर्ल्स इन्टर कॉलेज, राजकीय इन्टर कॉलेज, जेवीएस इन्टर कॉलेज के बच्चों ने देश भक्ति गीत, भाषण, नुक्कड़ नाटक, नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी जो मतदाता जागरूकता पर आधारित थी। कार्यक्रम में बेहट विधानसभा से स्वराज, श्रीमती रीता गुप्ता, नकुड़ विधानसभा से राजेश शर्मा, राजेश जैन, सहारनपुर नगर विधानसभा से आकाश भारद्वाज, श्रीमती सपना, सहारनपुर विधानसभा से पूनम, राज.'श, देवबन्द विधानसभा से प्रवेन्द्र कुमार बावरा, अतुल सिंघल, रामपुर मनिहारान विधानसभा से कामना पंवार, राहुल काम्बोज, गंगोह विधानसभा से मनोज कुमार, सोनू कुमार को अच्छा कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर अरविंद कुमार पाठक, सुरेन्द्र चौहान, कार्यक्रम संच.लक राकेश शर्मा, वरिष्ठ अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।

# गौकश से बेहट पुलिस की मुठभेड़



शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक गोकश को पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गोकश को गिरफ्तार कर लिए गया पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। पुलिस ने उस के कब्जे से एक बाइक तथा अवैध तमंचा कारतूस भी बरामद किया है।

रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने पुलिस फोर्स के साथ शाकम्भरी मार्ग पर चड्ढा फार्म के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे तो चेकिंग के दौरान बिना नम्बर की बाइक पर सवार संदिग्ध एक व्यक्ति आता दिखाई दिया तो उसे रो. कने का इशारा किया तो पुलिस को देख वह भागने लगा तो पुलिस ने उसका पीछा किया तो पीछा करते हुए उस की बाइक गड्ढे में फिसल कर गिर गई खुद को वह पुलिस से घिरता हुआ देख उसने पुलिस फायरिंग कर दी तो पुलिस ने आत्म रक्षा के लिए जवाबी कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में मुठभेड़ के दौरान एक गोली बदमाश के पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछता की गई तो उसने पुलिस को अपना नाम भूरा पुत्र आलिम निवासी गांव चांडी थाना बेहट बताया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक खोखा कारत.'स दो जिंदा कारतूस 315 बोर गोकशी करने के उपकरण तथा बिना नंबर की एक बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार हुए बदमाश के विरुद्ध गोकशी सहित आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# चर्चों में बच्चों ने दी परीक्षा

**सहारनपुर।** महानगर के विभिन्न चर्चों में आज बच्चों ने ईसाई धर्म शिक्षा की परीक्षा दी। गौरतलब है कि परीक्षा देने वाले बच्चे रोमन कैथोलिक स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

आज महानगर के विभिन्न चर्चों जिनमें सैक्रेड हार्ट चर्च, असेंबली ऑफ गॉड चर्च, संत थॉमस चर्च, सी. एन.आई चर्च और अन्य चर्च के बच्चों ने ईसाई धर्म शिक्षा की परीक्षा दी। इस दौरान कक्षा एक से लेकर कक्षा छह तक के बच्चों ने मौखिक परीक्षा दी और सातवीं कक्षा से बार. हवीं कक्षा तक के बच्चों ने लिखित परीक्षा दी। इस परीक्षा के जो प्रश्न है वह प्रश्न बाइबल के अनुसार पूछे जाते हैं और लिखित परीक्षा में बाइबल के अंदर के प्रश्न आते हैं जो लिखित में देने होते हैं, जिसकी उत्तर पुस्तिकाएं मेरठ जोन में परीक्षण की जाती हैं और वहा से मूल्यांकन कर अंक दिए जाते है। यह परीक्षा संत मैरिज एकेडमी, सोफिया इंटर मीडिएट स्कूल कोर्ट रोड पर हुई। यह परीक्षा सेंट मैरिज एकेडमी की प्रधानाचार्य सिस्टर शीला सोलंकी और प्रधानाचार्य जीवन लता और फादर रस टोयामो और सिस्टर उषा अध्यापिका एडविन की देख रख में सम्पन्न हुई। प्रधानाचार्य सिस्टर शीला सोलंकी ने बताया ये परीक्षा समस्त ईसाई बच्चों के लिए हर साल दी जाती है। फादर जॉन चिमन ने बताया कि हमारे समस्त कैथोलिक कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ने वाले ईसाई समाज के बच्चों के लिए ये परीक्षा देना अनिवार्य है।

# राम सुंदर दास महाराज के दर्शनों को उमड़ी भीड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** 1008 राम सुंदर दास जी महाराज के सहारनपुर पहुं. चने पर भक्तों द्वारा किया गया भव्य स्वागत, हजारों की संख्या में भक्तों ने किये दर्शन लिया आशीर्वाद, संत निवास के लिए भूमि पूजन किया गया। नगर के नुमाइश कैंप स्थित लाल द्वारा देवपुरम में आयोजित कार्यक्रम के लिए शनिवार की शाम ध्यानपुर से 1008 रामसुंदर दास जी महाराज मंदिर परिसर पहुँचे तो पूरा प्रांगण बाबा लाल दयाल जी के जाये कारो से गूंज उठा और भक्तो द्वारा महाराज जी का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम मे प्रातः 9:00 बजे राम सुंदर दास जी महाराज ने



भक्तो को सर्वप्रथम नाम दान दीक्षा दी, जिसके बाद विधि विधान से संत निवास का भूमि पूजन किया और भक्तो को दर्शन दिये। सुबह से ही महाराज जी के दर्शन के लिए भक्तो की लम्बी लाइन लगनी शुरू हो गई थी। इस अवसर पर भजन मंडलियो द्वारा बाबा लाल दयाल जी के भजनो का गुणगान किया गया, जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमें, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रधान सेवक आशीष लाल मेहता ने राम सुंदर दास जी महाराज सहित सफल आयोजन के लिए आये हुए सभी भक्तो, सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम मे मंत्री मो. हनलाल पुरी, कोषाध्यक्ष चंदन सचदेवा, सुभाष कालरा, राकेश दत्ता, नरेंद्र भाटिया, शमी, बलकार सिंह, सुरेंद्र शेट्टी,आशीष, आनंद, श्याम, विजय सचदेवा, विजय शर्मा, रेखा चावला, दीपा नैयर, अमित गुजर, महेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# शाकम्भरी गेट के पास दुकान के सामने मिला युवक का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** कोतवाली बेहट कस्बे के शाकंभरी गेट के पास विकासनगर रोड पर एक दुकान के सामने युवक का शव पड़ा मिला। शव मिलने से हड़कम मच गया सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई तो उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस जांच पड़ताल मे जुट गई है।

रविवार को कस्बे मे विक. ासनगर रोड पर शाकंभरी गेट के पास एक दुकान के सामने एक युवक का शव पड़ा मिलने से हड़कम मच गया मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। शव के मिलने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर कब्जे में लेकर उस की शिनाख्त कराई तो शव की पहचान विक्की पुत्र प्रेमचन्द निवासी मोहल्ला महाजनान कस्बा बेहट जिला सहारनपुर के रूप मे हुई।

पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक युवक पिछले काफी दिनों से रात में एक दुकान के सामने ही सोता था। माना जा रहा है युवक की मौत ठंड लगने से हुई है।

# पार्षद फहीम ने मेयर को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के बाद बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर पूरे सहारनपुर में भवन स्वामियों व दुकानदारों को नोटिस जारी करने के मामले को लेकर पार्षद फहाद सलीम ने मेयर डॉक्टर अजय सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें संबंध में ज्ञापन देते हुए नगर वासियों को राहत देने की मांग की।

आज पार्षद फहाद सलीम ने मेयर डॉक्टर अजय सिंह से दिल्ली रोड उनके के आवास पर मिले और उन्हें एक ज्ञापन देते हुए कहा कि नगर आयुक्त एवं महापौर द्वारा एक व्यवस्था की गई थी, जिसके तहत भवन स्वामी स्वयं स्वकर निर्धारण प्रपत्र भरकर नगर निगम में जमा कर सकते थे। इस व्यवस्था से जनता को राहत मिल रही थी और टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया सरल व पारदर्शी बनी हुई थी। हालांकि, कुछ समय बाद नगर निगम के टैक्स विभाग के अधिकारियों द्वारा इस व्यवस्था को अचानक बंद कर दिया गया। अब निर्णय लिया गया है कि पहले जाँच कराई जाएगी, उसके बाद ही स्वकर निर्धारण प्रपत्र स्वीकार किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि जिन भवन स्वामियों व दुकानदारों की जाँच के दौरान राजस्व निरीक्षक, बाबू एवं कर अधीक्षक से तालमेल रहेगा, उनका टैक्स बिल "सही" बनेगा, जबकि सहयोग न करने वालों को नगर निगम के चक्कर काटने पड़ेंगे। इस नई प्रक्रिया से नगर निगम में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने की आशंका जताई जा रही है।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में मनाई जयंती व बंसत पर्व

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तथा बसंत पंचमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति श्री सैयद निजामुद्दीन की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के मार्गदर्शन एवं अनुप्रेरणा से संपन्न हुआ।

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या, ज्ञान और संस्कार की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की आराधना हेतु विश्वविद्यालय परिसर में विशेष हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का संयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता टीम द्वारा किया गया। हवन-पूजन में कुलसचिव प्रोफेसर




शिवानी तिवारी ने यजमान की भूमिका निभाई और विधि-विधानपूर्वक पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर डायरेक्टर आईक्यूएसी प्रोफेसर संजय कुमार,जोगिंदर रोहिला, विभिन्न संकायों के अनेक शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। हवन के माध्यम से विश्वविद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा, शैक्षणिक उन्नति तथा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की कामना की गई।

इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम डॉ. शोभा त्रिपाठी एवं श्री जमीरुल इस्लाम के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता डायरेक्टर इक एक प्रोफेसर संजय कुमार ने नेताजी के देशभक्ति, त्याग, साहस और राष्ट्रनिर्माण के आदर्शों से अवगत कराया गया। उन्होंने नेताजी के जीवन संघर्ष, आजाद हिंद फौज के योगदान तथा उनके प्रेरणादायी विचारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्रसेवा और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना के भाव के साथ हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऐसे आयोजनों को छात्रों के नैतिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# हिंदू सम्मेलन से दिया राष्ट्रहित का संदेश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** हिंदू समाज सम्मेलन समिति के तत्वावधान में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया।

ग्राम शेखपुरा कदीम में आयोजित सम्मेलन के मुख्य वक्ता शिवकुमार ( प्रांत संपर्क प्रमुख, हिंदू जागरण मंच) ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रहित में कार्य करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश की सबसे बड़ी ताकत है, और उसे सही दिशा देना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में प्रांत प्रमुख ठाकुर सूर्यकांत राणा जी (हिंदू जागरण मंच) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश बिंदल ने किया। सम्मेलन की अध्यक्षता राजपाल ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संजू पाल, योगेश गुप्ता, विमल पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य कालूराम, देवेंद्र, आर्यन नारायण पाल, नितेश पाल, प्रयास पाल, किशन सैनी, हरीश गुप्ता, मास्टर गौतम, नीलकमल, उज्जवल त्यागी, आदित्य कुमार, तरुण पाल, विनय पाल, रामकुमार पाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बॉलीवुड में प्रतिभा दिखाएंगे विवेक चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** कस्बे के युवा प्रतिभा ने बॉलीवुड में छलांग लगाई है। छुटमलपुर के सूरज विहार कॉलोनी निवासी सुबोध चौधरी के पुत्र विवेक चौधरी ने अनुराग सिंह निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 में अपनी मजबूत मौजूदगी से सबका ध्यान खींचा है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें सुपरस्टार सन्नी देओल मुख्य भूमिका में हैं। विवेक ने फिल्म में एक जोशीले और बहादुर सिपाही का किरदार निभाया है, जो युद्ध के मैदान में साहस और देशभक्ति का प्रतीक बनकर उभरा है।

विवेक चौधरी ने स्थानीय स्तर पर शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने एएचपी इंटर कॉलेज और जेवी जैन कॉलेज से पढ़ाई पूरी करने के बाद एक्टिंग को अपना करियर चुना। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने बॉलीवुड के बड़े मंच तक पहुंच बनाई। बॉर्डर 2 की शूटिंग देहरादून, पंजाब सहित कई राज्यों में हुई, जहां विवेक ने सन्नी देओल के साथ महत्वपूर्ण सीन किए। फिल्म में सन्नी देओल के अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और रिलीज के साथ ही दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार शुरुआत की और देशभक्ति से भरे दृश्यों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

विवेक का किरदार फिल्म में न केवल एक्शन से भरपूर है, बल्कि भावनात्मक गहराई भी रखता है। युद्ध के दौरान सिपाहियों की बहादुरी, दोस्ती और बलिदान को दर्शाते हुए उनका रोल दर्शकों को भावुक कर गया। छोटे शहर छुटमलपुर से निकल. कर बॉलीवुड की चकाचौंध में जगह बनाने वाले विवेक ने साबित किया कि प्रतिभा और मेहनत से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। उनके परिवार और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है, जो उन्हें देखकर गर्व महसूस कर रहे हैं। पत्रकार सोनू राणा ने विवेक चौधरी बॉर्डर 2 में जबरदस्त किरदार निभाने पर मुबारकबाद दी और उनके उज्वल भविष्य कि कामना की। इस सफलता के बाद विवेक की दूसरी फिल्म द इन्क्लिश भी जल्द रिलीज होने वाली है। आदर्श शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर आएगी, जिसमें विवेक मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह एक अलग तरह की कहानी है, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और उजागर करेगी। विवेक चौधरी की यह उपलब्धि न केवल छुटमलपुर बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है। छोटे कस्बे से निकलकर बड़े पर्दे पर चमकना आसान नहीं होता, लेकिन विवेक ने अपनी कड़ी मेहनत से यह मिसाल कायम की है। बॉलीवुड में नए सितारे के रूप में



उनकी यात्रा अभी शुरू हुई है और आने वाले समय में वे और बड़ी ऊंचाइयों को छूने वाले हैं। स्थानीय स्तर पर उनका नाम रोशन करने वाले इस युवा अभिनेता को बधाई और शुभकामनाएं!

# कांग्रेस संघर्ष करती रहेगीः श्वेता



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि सरकार करोड़ों मजदूरों से रोजगार की गारंटी छीनना चाहती है।कांग्रेस मनरेगा को बचाने के लिए संघर्ष करेगी।

क्षेत्र के ग्राम आजमपुर में श्रीमती रविता के निवास पर मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश के मजदूरों के कल्याण के उनके रोजगार की गारंटी देते हुए महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना लागू की थी जिसका लाभ लगातार मजदूरों को मिल रहा था।लेकिन अब भाजपा सरकार मनरेगा को रद्द करके देश के करोड़ों मजदूरों से रोजगार गारंटी छीनना चाहती है।श्वेता सैनी ने कहा कि नया विधेयक मजदूरों के हित में नहीं है इसलिए, इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा मजदूरों किसानों और आम जनता के साथ खड़ी रही है और अब भी उनके हित के लिए संघर्ष करेगी।

इस दौरान सीता भारद्वाज, रुखसार, निशात,इरम, पूजा,राखी, प्रीती आदि मौजूद रही।

# हाउस अरेस्ट किया

**सहारनपुर।** जनता देश संगठन (जेडीएस) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार (फौजी) को पुलिस प्रशासन द्वारा प्रातः लगभग 4 बजे हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

बताया जा रहा है कि आज सहारनपुर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई। जनता देश संगठन उत्तर प्रदेश सरकार से पिछले डेढ़ वर्षों से अधिक समय से राज्य में कार्यरत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत कार्य कर रही समूह-सखी महिलाओं के वेतन में बढ़ोतरी की मांग करता आ रहा है। संगठन का आरोप है कि सरकार और प्रशासन द्वारा इन महिलाओं की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। संगठन के अनुसार, इस संबंध में अब तक अनगिनत ज्ञापन सौंपे गये।

# करनैल सिंह को मिला बड़ा मुकाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिहारीगढ़।** उत्तराखण्ड राज्य के जनपद हरिद्वार स्थित छोटे से गांव हरिपुर टोंगिया के रहने वाले नौजवान युवक करनैल सिंह के लिए यह पल बेहद खास रहा, जब उन्होंने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर-2 में अपना अभिनय देखकर खुशी महसूस की।

देहरादून में हुई बॉर्डर-2 की शूटिंग में करनैल सिंह ने एक आर्मी रोल निभाया था। फिल्म की शूटिंग गढ़ी कैंट क्षेत्र के संतला देवी इलाके में की गई थी। जैसे ही उन्हें इस शूटिंग की जानकारी मिली, उन्होंने मौके पर पहुंचकर अपने अभिनय का हुनर दिखाया और आज फिल्म रिलीज होने के बाद बड़े पर्दे पर खुद को देखकर वे बेहद उत्साहित नजर आए। करनैल सिंह को दून फिल्म सिटी की शूटिंग से जुड़ी गतिविधियों की अच्छी जानकारी रहती है। उनका फिल्मी दुनिया से खास लगाव है और देहरादून में कौन-सा अभिनेता आ रहा है, किस प्रोजेक्ट की शूटिंग चल रही है,इस इसकी खबर उन्हें पहले से रहती है। यही अनोखा शौक उन्हें लगातार फिल्मी दुनिया से जोड़े हुए है। करनैल सिंह ने बताया कि इससे पहले उन्हें गूगल ऐड में भी अभिनय करने का मौका मिल चुका है। वहीं वर्तमान में देहरादून में चल रही कुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा की फिल्म "द




डेरी ऑफ मणिपुर" की शूटिंग में भी वे अपना योगदान दे रहे हैं। गांव हरिपुर सहित क्षेत्र के लोगों में करनैल सिंह की इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# युवती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ मौत का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फिजियोथेरेपिस्ट युवती का पेड़ से शव लटका मिलने पर आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या का होना पाया गया। हालांकि परिजन पड़ौस में ही रहने वाले एक युवक पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। जिसको लेकर उन्होंने शनिवार को खासा हंगामा भी किया। युवती ने किन कारणो से आत्महत्या की है यह सवाल अभी भी बना हुआ है।

देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव बीबीपुर निवासी फिजियोथेरेपिस्ट युवती का शव गांव चेतनपुरी के जंगल में पेड़ से लटका मिला था। युवती 22 जनवरी की शाम से लापता थी। जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने 23 जनवरी को दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों की आशंका पर गांव के ही एक युवक को हिरासत में लिया था। इतना ही उक्त युवक से पूछताछ के बाद गांव चेतनपुरी निवासी एक अन्य युवक को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। लेकिन इस दौरान शनिवार को युवती का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। हालांकि इस दौरान डॉग स्कावयड सहित फारेसिंक टीम ने भी मौके पर पहुंच जांच की। लेकिन हत्या किए जाने के कोई सबूत उन्हें नहीं मिले थे। रविवार को मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आत्महत्या की पुष्टी हुई। युवती देवबंद स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में फिजियोथेरेपिस्ट का कार्य करती थी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेंगिंग आया है। जिससे युवती रविना द्वारा स्वंय आत्महत्या किए जाना प्रतीत होता है। बीएसपी के जिला संयोजक सुशील जायसवाल ने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। हालांकि यह सवाल अभी भी बना हुआ कि युवती ने किन कारणो से आत्महत्या की है।

वहीं, रविवार को गांव के श्मशामघाट में पुलिस की मौजूदगी में रवीना का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बसपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम, विधानसभा प्रभारी रेनू बर्मन, विधानसभा प्रभारी डॉ. रो. बिन समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# कांग्रेस को देश और प्रदेश की जनता ने नकारा : मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के पिता की रस्म तेहरवी में पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस को देश और प्रदेश की जनता ने नकार दिया है। इसलिए अब कांग्रेस के लोग पार्टी को नकार रहे हैं। कहा कि अखिलेश यादव प्रदेश के कंफ्यूज नेता है। बिहार की हार के बाद उनकी बयानबाजी से हताशा झलक रही है। इसलिए वह आजकल विवादित बयानों के लिए ही जाने जा रहे हैं। हालांकि जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज और यूजीसी पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने चुप्पी साधली।

# जगतगुरु शंकराचार्य का अपमान सहन नहीं किया जाएगा : विरेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पथिक जनशक्ति पार्टी ने जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज समेत अन्य संतों को अपमानित किए जाने की कड़ी निंदा की है। साथ ही इसके विरोध में 26 जनवरी से जन जागरण यात्रा शुरू निकालने का निर्णय लिया है।

गांव मीरगपुर में हुई बैठक में संगठन के अध्यक्ष चौधरी विरेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन स्नान करने जा रहे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती समेत अन्य संतों को सरकार के इशारे पर प्रशासन द्वारा अपमानित किया गया है। इतना ही नहीं एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य को कालनेमि तक कह दिया, जो बेहद निंदनीय है। कहा कि योगी सरकार हिंदूवादी होने का ढोंग रचती है। संतों का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। कहा कि इसके विरोध में जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी जो देवीकुंड रोड स्थित शहीद स्मारक से शुरू होकर हरिद्वार पहुंचेगी और वहां से गंगाजल लाकर जनता के बीच पहुंचा जाएगा और बताया जाएगा कि कालनेमि कौन है। उसी गंगाजल से प्रयागराज में जाकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान कराया जाएगा। संचालन प्रदेशाध्यक्ष इकराम सिंह ने किया। राजपाल सिंह, वरिष्ठ गुर्जर, मामचंद प्रधान, पूरण सिंह, सुरेश, विक्रम सिंह, संदीप कुमार व अंकुर चौधरी आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसे में नगर पंचायत सभासद की भाभी की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**अंबेहटा ( सहारनपुर )।** अभी-अभी आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई।घटना खेड़ा अफगान रोड पर गांव चारपचिडी के पास हुई, जहां सड़क किनारे खड़ी एक ट्रॉली में एक टेम्पो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वार्ड नंबर 4 से नगर पंचायत सभासद मुसर्रत कुरैशी की भाभी 45 वर्षीय सबिया पत्नी असरु मोहल्ला किला की मौत हो गई। सभासद मुसर्रत कुरैशी ने बताया कि भाई अशरु अपनी पत्नी सबिया को लेकर सहारनपुर से टेंपो में सवार होकर अंबेहटा घर लौट रहे थे। गांव चारपचिडी के पास यह हादसा हुआ है। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

# हर वोट जरूरी-पहले मतदान-फिर जलपान

## माय भारत, एनसीसी व भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर लोकतंत्र के उत्सव में सराबोर नजर आया। जिले में मतदाता जागरूकता, सहभागिता और समावेशन को केंद्र में रखते हुए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन, शैक्षिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की महत्ता और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश पूरे कार्यक्रम में केंद्र में रहा।



कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को प्रेरक बना दिया। वेदान्तिक इंटरनेशनल स्कूल तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बावली के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और समूह-प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

हमतदान देने जाएंगे भारत के लिए, मैं भारत हूँ जैसे गीतों पर प्रस्तुतियों ने युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और मतदान के प्रति गर्व का भाव जगाया। बच्चों की प्रस्तुतियों में लोकतंत्र, संविधान और नागरिक कर्तव्यों की झलक स्फ दिखाई दी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ सराहा। इसी क्रम में माय भारत, एनसीसी तथा भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से हर वोट जरूरी, पहले मतदान, फिर जलपान जैसे संदेश गूंजे। रैली के दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत की बालिकाओं द्वारा बनाई गई। रंगोली ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। जिलाधिकारी ने रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मकता के साथ दिया गया संदेश लंबे समय तक लोगों के मन में रहता है। कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस का बैज लगाकर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूरे परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण रहा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई और यह संदेश दिया कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है, जब नागरिक अपने मताधिकार का जिम्मेदारी से प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था की आधारशिला है। इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को स्फल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्मिकों और नागरिकों का सम्मान भी किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले बूथ लेवल ऑफिसरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता में सक्रिय योगदान देने वाले नागरिकों को भी प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि समाज के विभिन्न वर्गों में बुजुर्ग मतदाताओं, ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों और युवाओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। पहली बार मतदाता बने पाँच युवाओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें मतदान को लेकर गर्व और उत्साह देखने को मिला। तीनों तहसीलों से दो-दो उत्कृष्ट बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के नौ विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मौके पर मौजूद पत्रकार भी सम्मानित किए गए। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने संबा. धन में कहा कि विशेष प्रगाश पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में जिस प्रकार जिले के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, वह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि इसी सहभागिता के परिणामस्वरूप ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। नागरिकों से अपील की गई कि वे ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपने नाम, पते और अन्य विवरणों की जांच अवश्य करें, ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी वर्गों की भागीदारी अनिवार्य है। युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी की भागीदारी से ही चुनावी प्रक्रिया समावेशी बनती है।

# जन-आंदोलन बनाने में योगदान देने वाले व्यक्तियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए संचालित विभिन्न सेवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रशासन ने स्वीप बागपत एप पर इन सेवाओं को जोड़ा है जिससे नागरिकों को एक ही क्लिक पर जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में एसआईआर और मतदाता जागरूकता अभियान को जन-आंदोलन बनाने में योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी जयभगवान शर्मा को सामाजिक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए सम्मान मिला। सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक लोकतांत्रिक संदेश पहुँचाने वाली पारुल चौधरी को भी सम्मानित किया गया। राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं स्वीप आइकॉन अमन कुमार को युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता के लिए किए गए निरंतर प्रयासों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही माय भारत स्वयंसेवक निखिल एवं सेवानिवृत शिक्षिका ओमबीरी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों और कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। स्वीप गतिविधियों में विशेष योगदान के लिए जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं मतदाताओं को जागरूक बनाने में सूचना विभाग के कार्यों की प्रशंसा हुई। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमरा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता प्रीति शर्मा, अंतरिक्ष कुमार, उमेश कुमार, राम. निवास, संध्या रानी, नीतू यादव, डा.सुधा शर्मा, संगीत शिक्षक रमन कुमार आदि का योगदान रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला युवा अधिकारी, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी मलखान सिंह तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रदीप कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# नेत्रदान संकल्प पत्र अभियान कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** संवेदनशील पहल बनी मिसाल, मानवीय कर्तव्यों का उत्सवरू राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बागपत कलेक्ट्रेट परिसर में लोकतंत्र के उत्सव के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता की भी सशक्त मिसाल देखने को मिली, जब मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बीच नेत्रदान संकल्प पत्र अभियान कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों सहित 50 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के साथ-साथ मानवीय कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। मौजूद एसडीएम, मुख्य पुजारी, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर, स्वीप आइकॉन, स्वयंसवेकों ने पहल करते हुए संकल्प पत्र भरा।



# खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**बडौत।** नगर में आईएमए ब्रांच बड़ौत ने एक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जिसमे सभी बड़ौत के सम्मानित डॉक्टर्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने जीवन को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। साथ ही साथ एक मैसेज आम जनता को भी दिया कि आप सभी प्रतिदिन व्यायाम करें।

इस अवसर पर आईएमए ब्रांच बडौत सेक्रेटरी डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि अगर हमें अपने जीवन में स्वस्थ रहना है तो हमें प्रतिदिन खेल कूद प्रतियोगिता में भी भाग लेना चाहिए ताकि हमारे शरीर की नसों का खून हमारी नसों में दौड़ता रहे खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से डा.गीतांजलितोमर ने कहा कि महिलाओं को समय-समय पर खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए जब हम खेल कूद प्रतियोगिता और व्यायाम करेंगे तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। स्पोर्ट्स समारोह में डा.संजय जैन अध्यक्ष आईएमए ब्रांच बड़ौत तथा डा. पंकज कुमार सेक्रेटरी आईएमए बड़ौत के साथ सभी वरिष्ठ चिकित्सक डा.सुरेंद्र शर्मा, डा. सुखपाल तोमर, डा.विनोद जैन, डा.अनिल जैन, डा.प्रदीप जैन, डा. अरविन्द कुमार, डा.ओमबीर तोमर, डा.मनीष तोमर, डा.हरीश विश्वकर्मा, डा.गीतांजलि तोमर, डा.पुष्पा वर्मा, डा.राकेश जैन, डा. वैभव जैन, डा.शुभम जैन, डा. सुधा रानी, डा.शेखर तोमर, डा. आशीष जैन, वसुधा जैन, डा.जित. ेंद्र मलिक, डा.मुदित गर्ग, डा. संगीता गर्ग आदि मौजूद रहे।

# देश की एकता का प्रतीक बनी तिरंगा यात्रा, हापुड़ में दिखा राष्ट्रप्रेम का उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बसपा के मंडल प्रभारी मनजीत चौधरी के नेतृत्व में रविवार को असौड़ा गांव से भव्य तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। देशभक्ति के नारों और राष्ट्रप्रेम के जज्बे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे हापुड़ शहर का भ्रमण किया। तिरंगे से सजी सैकड़ों गाड़ियों और ट्रैक्टरों की कतारों ने शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा में करीब 200 ट्रैक्टर और 150 कारें शामिल रहीं, जिन पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर मनजीत चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की शान और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसकी रक्षा और सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। मंजीत चौधरी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की आस्था, बलिदान और संघर्ष की गाथा है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना चाहते हैं। आज जरूरत है कि हर नागरिक जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करे। जब देश मजबूत होगा, तभी किसान, मजदूर, व्यापारी और हर वर्ग सुरक्षित और समृद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन देशहित हमेशा किसानों के अधिकारों के साथ-साथ राष्ट्रहित में भी मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी देश के सम्मान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। तिरंगे का सम्मान ही सच्ची देशभक्ति है और यही संदेश इस यात्रा के माध्यम से यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती तिरंगा यात्रा ने लोगों को देश के प्रति एकजुट होने का संदेश दिया और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त किया।

# दिनेश शर्मा ने सरकारी स्कूल के नौनिहालों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव ककौर कला में दिल्ली पुलिस के रिटायर एसीपी दिनेश कुमार शर्मा ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी स्कूल के नौनिहालों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों, बुजुर्गों और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों को भेंट किये तोहफे।



एसीपी दिनेश कुमार शर्मा प्रतिवर्ष दिल्ली से अपने गाँव पहुँचकर बचपन की स्मृतियों को जीवित करते हुए गाँव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, बुजुर्गों और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस पर ध्वजारोपण कर राष्ट्रीय पर्व का जश्न मनाते है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उपस्थित व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए एसीपी दिनेश कुमार शर्मा ने कहा गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस के इस जश्न की यह खुशियाँ कई गुना बढ़ जाती है जब मैं अपने बचपन की यादों को जीवत करते हुए इन नौनिहालों के साथ गणतंत्र व स्वतन्त्रता दिवस मनाता हूँ और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेता हूँ। गाँव की मिट्टी की खुशबू मुझे हमेशा अपनी ओर आकर्षित करती है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संदीप अग्रवाल एसिस्टेंट डायरेक्टर (ईडी) ने कहा एसीपी दिनेश कुमार शर्मा का गाँव और उससे जुडी यादों का राष्ट्रीय दिवस के साथ अपनों से साझा करना संस्कार और संस्कृति के जीवित होने का प्रमाण और हम सबके लिए एक प्रेरणा है। इस अवसर पर संदीप अग्रवाल रिटायर एसिस्टेंट डायरेक्टर ED, किशन बंसल उद्यमी, विक्रम राणा रि. एसीपी, रि. ओमबीर पवाँर एसीपी रि. हरपाल सिंह एसीपी रि.राजपाल सिंह एसीपी राजीव कास्त्रों, ललिता अग्रवाल, राजीव पण्डित ककौर कला जिला सहसंयोजक भाजपा सुशासन व केन्द्रिय राज्य शासनीय समन्वय विभाग, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, कुलदीप भारद्वाज, पुष्पेन्द्र शर्मा, गौ रक्षक मनमोहन जिन्दल आदि उपस्थित रहे।

# चार दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाई महिला के शव की शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बाघु गांव में एक खेत में महिला का 80 प्रतिशत जला हुआ शव मिला था। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है और न ही इस मामले में कोई खुलासा हुआ है। यह शव किसान नेता जगत सिंह के खेत में बने उपलों के बिटोड़े में मिला था। बताया गया है कि चार दिन पहले रात में बिटोड़े में अचानक आग लग गई थी। सुबह जब किसानों ने जाकर देखा, तो वहां एक महिला का जला हुआ शव मिला। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से एक सैंडल और महिला का कुछ अन्य सामान भी बरामद हुआ था। महिला का शरीर अधिक जल जाने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है और कई लोगों से पूछताछ भी की है। पुलिस अधिकारी इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कह रहे हैं।

# छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दसवीं कक्षा की एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के तीन युवकों ने छात्रा के साथ इस वारदात को अंजाम दिया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसके दो साथियों की तलाश जारी है। पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि करीब दस दिन पहले उनकी बेटी स्कूल जा रही थी, तभी गांव का आरिफ अपनी गाड़ी लेकर आया। आरिफ ने जबरन उनकी बेटी को गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरिफ ने छात्रा को अश्लील वीडियो वायरल करने और उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी। धमकी से डरकर छात्रा गाड़ी में बैठ गई। आरोप है कि आरिफ ने उससे धर्म परिवर्तन कर निकाह करने की बात कही। इसी दौरान छात्रा ने शोर मचाया तो आरा. ेपी उसे कार से उतारकर मौके से फरार हो गया। घर आकर छात्रा ने परिजनों को पूरी घटना बताई। छात्रा ने परिजनों को बताया कि आरिफ पिछले डेढ़ साल से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर रहा था। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने जानकारी दी कि आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी आरिफ अपने साथियों के साथ घर से स्कूल जाते समय उसका पीछा करता था। छात्रा ने डेढ़ साल पहले हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आरोपी ने उसकी एक एडिटेड अश्लील वीडियो बना ली थी। इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। डर के कारण छात्रा ने डेढ़ साल तक परिजनों को इस बारे में कुछ नहीं बताया था।

# पुलिस ने चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को किया गिरफ्तार

**बागपत।** सिंघावली अहीर पुलिस ने नलकूप उपकरण चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, ये चोर पहले रेकी करते थे और फिर रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान तरुण और सुनील के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद के भनेड़ा निवासी हैं। तरुण फिलहाल सराय कस्बे में रह रहा था। इनकी गिरफ्तारी सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बाद हुई। 6 नवंबर को सारी कस्बे में एक दुकान में चोरी हुई थी, जिस पर मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा, सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के एक मकान में लाखों रुपये की चोरी की वारदात को भी इन्होंने अंजाम दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त तरुण पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 25 आपरा. धिक मामले दर्ज हैं, जबकि सुनील पर भी 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं।



इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, चोरी करने के उपकरण, 61 कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, सिगरेट-बीड़ी-पान मसाला के पैकेट और 5 किलोग्राम ट्यूबवेल से चोरी किया गया केबल बरामद हुआ है।

# नगर पुलिस ने 8 वारंटियों को भेजा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपराध पर अंकुश लगाने और फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आठ वारंटियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# मतदाता दिवस पर बीएलओ व सुपरवाइजरों तथा स्वीप कार्मिकों को किया गया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** आज 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में बड़े धूमधाम व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ से मनाया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस जागरूकता पर आधारित लघु फिल्म तथा भारत निर्वाचन आयोग के मा0 मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के द्वारा मतदाता को जागरूक करने के लिए प्रेरित किए जाने का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वेद प्रकाश एवं मदन ढींगरा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए नागरिकों को जागरूक किया। युवा कल्याण केंद्र से इकरा ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर मतदाताओं को जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने 34 बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले व 10 सुपरवाईजरों तथा 12 स्वीप कार्यक्रमों में अच्छा कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके 10 नए मतदाताओं को प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं व युवतियों को मतदाता पहचान पत्र देकर उन्हें किया सम्मानित ।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नेशपथ दिलायी। इससे पूर्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिला. धिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट प्रांगण से विभिन्न




विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ अध्यापकों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को हरि झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जनपद के विद्यालयों में मतदाता जागरूकता रैली, स्लोगन, लेखन, प्रतियोगिता, निबंध आदि के, द्वारा मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। संचालन शैली रंजन ने किया।

# छात्राओं ने ली भविष्य में मतदान करने की शपथ

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार रविवार को खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें स्कूल के समस्त स्टाफ, आंगनवाड़ी, ग्राम प्रधान पति चौधरी संदीप मलिक तथा ग्रामवासियों द्वारा मतदान जागरुकता के प्रति शपथ ली गई। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लो. कतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाने लगा



था। पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया।

इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी जिनकी उम्र 01 जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी।

इस सिलसिले में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाएंगे और उन्हें निर्वाचन फोटो पहचान पत्र सौंपे जाएंगे। पहचान पत्र बांटने का काम सामा. जिक, शैक्षणिक व गैर राजनीतिक व्यक्ति करेंगे। इस मौके पर मतदाताओं को एक बैज भी दिया जाएगा जिससे लोगों के साथ नारा अंकित होगा मतदाता बनने पर गर्व है मतदान को तैयार है।

# मोबाइल छीनने की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए मुठभेड़ के दौरान दो शातिर अपराधियों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और अवैध तमंचे बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, क्षेत्राधिकारी राम आशीष यादव एवं थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार दौराला (मेरठ) निवासी कृष्ण कुमार ने थाना खतौली में शिकायत दर्ज कराई थी कि ऑटो में यात्रा के दौरान उनकी बहन के हाथ से दो अज्ञात बदमाश मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने जांच शुरू की।शनिवार को सफेदा कट मंडी समिति के सामने वाहन चे. कंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल बदमाश शेखपुरा की ओर से बाइक से आ रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाश भागने लगे, इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भागे। पुलिस की चेतावनी के बावजूद फायरिंग जारी रखने पर आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में आकिब नामक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथी सौरभ वर्मा को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 21 जनवरी को खतौली से मेरठ जा रहे ऑटो में सवार युवती से मोबाइल छीना था और उसे बेचने की योजना बना रहे थे।

पुलिस ने अभियुक्त आकिब पुत्र वकील और सौरभ वर्मा पुत्र अनिल वर्मा, निवासी कैलावड़ा कलां, थाना खतौली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक टेक्नो कंपनी का मोबाइल फोन, पैशन प्रो मोटरसाइकिल (यूपी 12 एपी 2422), दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

क्षेत्राधिकारी रामआशीष यादव ने बताया कि घायल बदमाश आकिब के खिलाफ पूर्व में आबकारी अधिनियम



एवं शस्त्र अधिनियम सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# राशन डीलर के कुत्ते के काटने का विरोध पड़ा भारी, मां-बेटे पर जानलेवा हमला

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव बुआड़ा कलां में राशन लेने गई एक महिला और उसके बेटे के साथ अमानवीय मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि राशन डीलर के पालतू कुत्ते द्वारा महिला को काटे जाने का विरोध करने पर दबंगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मां-बेटे पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पीड़िता ममता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार दोपहर वह अपने पुत्र प्रिंस के साथ राशन कार्ड पर राशन लेने के लिए गांव के डीलर ब्रजपाल के घर पहुंची थी। उस समय डीलर घर पर मौजूद नहीं था। इसी दौरान घर के बाहर बंधे पालतू कुत्ते ने ममता के पैर में काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई।घटना का विरोध करते हुए जब प्रिंस ने शोर मचाया तो डीलर के परिजन मनोज और अतुल मौके पर पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने सहानुभूति दिखाने के बजाय गाली-गलौज शुरू कर दी। जब प्रिंस ने कुत्ते को बांधकर रखने की बात कही और बताया कि वह पहले भी कई लोगों को काट चुका है, तो आरोपी भड़क उठे।आरोप है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए प्रिंस पर हमला कर दिया। उसे जमीन पर गिराकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। बीच-बचाव करने पहुंची ममता के साथ भी अश्लील हरकतें करते हुए मारपीट की गई। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह मां-बेटे को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता का कहना है कि यदि ग्रामीण समय पर न पहुंचते तो उसके बेटे की जान जा सकती थी। हमले में प्रिंस को गंभीर अंदरूनी और बाहरी चोटें आई हैं। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर आरो. पियों के खिलाफ तहरीर दी है और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं रविवार को भीम आर्मी के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने कोतवाली का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।




बुढाना:छात्रा को सम्मानित करते अतिथिगण।

# बाबा गुलाम जनरल नॉलेज कॉम्पिटिशन का परिणाम घोषित

**बुढ़ाना/जौला।** शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से गत दिनों आयोजित हुई बाबा गुलाम मोहम्मद जनरल नॉलेज कॉम्पिटिशन 2026 का परीक्षाफल आज मिशन एजुकेशन एकेडमी में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच घोषित किया गया। स्टूडेंट यूथ ग्रुप द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। परिणामों की घोषणा होते ही सफल छात्रों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। पूरी प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष तीन टोपर्स निम्नलिखित रहे। अमीर आलम ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय दिया। शावेज अली पुत्र अब्दुल करीम 79 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। रिहान अली पुत्र रियाजुद्दीन ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धि हेतू विशेष रुप से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को कक्षाओं के आधार पर विभाजित किया गया था ताकि मूल्यांकन सटीक हो सके।

विभिन्न कक्षाओं के मेधावियों का विवरण इस प्रकार है। कक्षा 11वीं एवं 12वीं मे इस वर्ग में उच्च स्तरीय सामान्य ज्ञान की कड़ी परीक्षा थी जिसमें मोहम्मद तुफैल पुत्र निसार अली ने 53 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मोईन राणा पुत्र अफजाल अली 47 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9वीं एवं 10वीं मे माध्यमिक स्तर की इस श्रेणी में आश्वि गोस्वामी पुत्री विकास गोस्वामी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनके साथ ही शाकिर ताहिर पुत्र ताहिर हसन ने तृतीय स्थान हासिल कर गांव का नाम रोशन किया। कक्षा 7वीं एवं 8वीं इस वर्ग की प्रतियोगिता में काशिफ पुत्र गुलजार अली ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान अर्जित किया। कक्षा 5वीं एवं 6वीं सबसे कनिष्ठ वर्ग के नन्हे सितारों ने भी अपनी मेहनत से सबको प्रभावित किया। इस श्रेणी में आहिल नूर पुत्र नूरहसन, आवेश नूर पुत्र नूर हसन और उजैर पुत्र इरफ़ान अली ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपनी मेधा शक्ति को सिद्ध किया। पुरस्कार वितरण समारोह में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथियों में बाबा मुन्ना प्रधान जौला, मु"ती आजाद, मोलवी मुन्फैत, ताहिर ठेकेदार और इरशाद राणा शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के भीतर छिपे डर को खत्म करती हैं और उनमें आगे बढ़ने का जज्बा पैदा करती है। कार्यक्रम में एडवोकेट गुलरेज, मास्टर फारुख, रहीस खाकसार, ताहिर हसन, वसीम राणा, मोलवी माजिद, डॉक्टर रिजवान और जीशान राणा ने भी मेधावियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टूडेंट यूथ ग्रुप के संयोजकों एवं आयोजनकर्ताओं की अहम भूमिका रही। शाकिर अली, डॉक्टर आसिफ, साहिब अली, मुन्तजिर, शुएब व अमन कादिर अली की टीम ने परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता को बनाए रखने में दिन रात मेहनत की इसके साथ ही जौला यूथ क्लब के जीशान अहमद व उनकी टीम का भी विशेष सहयोग रहा। अभिभावकों ने इस सफल आयोजन के लिए स्टूडेंट यूथ ग्रुप का आभार जताया। आयोजनकर्ताओं ने आश्वासन दिया निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे।

# मैकेनिकल वऑटोमोबाइल इंजी० छात्रों का हिंदुस्तान एग्रो इंडस्ट्रीज में औद्योगिक भ्रमण

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम पॉलिटेक्निक, रुड़की रोड के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों को व्यावहारिक एवं उद्योगोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से हिंदुस्तान एग्रो इंडस्ट्रीज, मुजफ्फरनगर में एक औद्योगिक भ्रमण कराया गया।

इस औद्योगिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग में प्रयुक्त आधुनिक मशीनों, उपकरणों एवं उत्पादन प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष जानक. ारी प्राप्त हुई।

औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न भारी मशीनों, संयंत्रों एवं उपकरणों को नजदीक से देखा। सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए छात्रों ने मशीनों एवं उपकरणों को देखा तथा मशीनों को स्वयं चलाकर भी देखा, जिससे उन्हें मशीनों की कार्यप्रणाली, संचालन विधि और व्यवहारिक उपयोग की वास्तविक समझ प्राप्त हुई।

इस अवसर पर इंडस्ट्री के मालिक दिनेश पाल, नरेश पाल तथा शिवा पाल और मैनेजर सतेन्द्र चौहान एवं सुपरवाइजर सत्यपाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए उद्योग की कार्यप्रणाली, मशीन यंत्रों की संरचना, मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस, मशीन मेंटेनेंस, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली एवं औद्योगिक सुरक्षा उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को उद्योग में कार्य करने के लिए आवश्यक तकनीकी दक्षता, अनुशासन और सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें वास्तविक औद्योगिक वातावरण से जोड़ते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास एवं रोजगार योग्यता बढ़ती है।मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष शुभम गुप्ता ने बताया कि औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य



छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से अवगत कराना है, ताकि वे अपने तकनीकी कौशल को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप विकसित कर सकें।इस औद्योगिक भ्रमण में फैकल्टी मेंबर विक्रांत पांचाल, अनुपम त्यागी, सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने भ्रमण के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन कर इसे शैक्षणिक रूप से अत्यंत उपयोगी बनाया।भ्रमण के उपरांत छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मशीनों को नजदीक से देखने, अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा, जिससे उन्हें औद्योगिक कार्यप्रणाली की गहरी समझ प्राप्त हुई।अंत में कॉलेज प्रशासन द्वारा हिंदुस्तान एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रबंधन, इंडस्ट्री मैनेजर्स एवं सभी सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

# शुक्रताल में मानव चेतना केन्द्र आश्रम का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शुभारंभ

**मोरना।** आश्रम मानव चेतना केंद्र आश्रम शुक तीर्थ का उदघाटन भागवत पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने वेदिक मंत्रोचार के बीच किया। आश्रम के संस्थापक स्वामी ब्रह्मस्वरूपानंद महाराज को शाल और माला पहनाकर सम्मानित किया।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में नवनिर्मित मानव चेतना केंद्र आश्रम प्रांगण में आयोजित उदघाटन समारोह में श्री शुकदेव आश्रम पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि शुकतीर्थ धाम में स्वामी ब्रह्मस्वरूपानंद महाराज ने अपने गुरू विशुद्धानंद महाराज की पावन स्मृति में इस आश्रम की स्थापना करना एक सराहनीय, अनुकरणीय और प्रशंसनीय कार्य किया है। इस आश्रम में होने वाले सत्संग, अनुष्ठान एवं पारमार्थिक कार्यो से तीर्थ की महिमा बढ़ेगी। वास्तव में वो व्यकित सौभाग्यशाली होते हैं, जो अपने पद, प्रतिष्ठा, धन, संपत्ति और समय का सदुपयोग परमार्थ तथा गरीब असहाय की सेवा में करते है।

प्राचीनकाल से लेकर आज तक भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की रक्षा में धर्म उपदेशकों एवं कथाकारों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कथाकारों ने भारत की चिंतन परंपराओं को सजीव बनाकर लोक कल्याण का स्तुत्य कार्य किया है ,और कर रहे हैं। हनुमतधाम के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज ने कहा कि यह आश्रम तीर्थ की शोभा बनेगा और




परमार्थ के लिय सदैव विकसित होता रहे ऐसी मेरी कामना है। नम्रता और सहनशीलता जिसे प्राप्त कर लिया वह सन्यासी हो गया। संचालन ब्रह्मप्रकाश शर्मा ने किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने संतो से आशीर्वाद लिया।महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज, गीतानंद गिरी महाराज, परमानंद महाराज, गीतानंद तीर्थ महाराज,अचल कृष्ण शास्त्री ने आयोजकों को आशीर्वाद दिया। वहीं ब्रह्मप्रकाश शर्मा, प्रवीण कोशिक, हिमांशु, रमेश गुप्ता, प्रेम कोहली आदि व्यवस्था बनाने में लग रहे।

# सलमान सईद ने दी पुरकाजी को लाइब्रेरी की सौगात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** पुरकाजी के सामा. जिक कार्यकर्ता वे सैयद मुर्तजा ट्रस्ट के सेक्रेटरी सलमान सईद ने 26 जनवरी के मौके पर पुरकाजी को दो लाइब्रेरी की सौगात दी है।

पुरकाजी में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सलमान सईद ने कहा कि 26 जनवरी को खुशी का माहौल है 26 जनवरी को देश में संविधान लागू हुआ था।

इस मौके पर वह कस्बे में शिक्षा की ज्योत जलाते हुए दो लाइब्रेरी छात्र छात्रों को दे रहे हैं जिसमें एसएम डिग्री कॉलेज पीबी जनता जूनियर हाई स्कूल में दो लाइब्रेरी खोलकर बच्चे शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे जिससे पुरकाजी क्षेत्र में सभी को शिक्षा से जुड़ने का अच्छा अवसर मिल सकेगा इस मौके पर शाहनवाज कुरैशी, इनाम फरीदी, इसरार फरीदी, शहजाद सलमानी, असगर कुरैशी, समीर फरीदी मुख्य लोग मौजूद रहे।

## एसपी देहात व सीओ फुगाना को मिलेंगे पदक

**मुजफ्फरनगर।** गणतंत्र दिवस को लेकर शहर की अधिकांश सरकारी इमारतों व चौराहों पर स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर विशेष सजावट की गई है। देश भक्ति के तराने जगह-जगह गूंज रहे हैं। ऐसे में शहीद स्मारक पर जाकर नेताओं व अधिकारियों के साथ समाजसेवियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। कई आयोजन अलग-अलग संस्थाओं द्वारा भी किये गये, ऐसे में जानकार लोगों की प्रसन्नाताओं में इजाफा हुआ कि एसपी देहात आदित्य बंसल को 26 जनवरी पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्लेटिनम अवार्ड दिया जायेगा, जबकि सीओ फुगाना यतेन्द्र नागर को डीजीपी द्वारा प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मैडल प्रदान किया जायेगा।

गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस भी सक्रिय है और लगातार स्टेशन व बस अड्डो के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर चैकिंग अभियान चला रही है।

# पूर्व सभासद के यहां भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नये साल की पहली मन की बात कार्यक्रम को देशवासियों को संबोधित किया। आज मन की बात कार्यक्रम का यह 130वां एपिसोड रहा।

इस कार्यक्रम को बुढ़ाना भाजपा मण्डल महामंत्री और पूर्व सभासद मुकेश शर्मा के आवास पर ध्यान से सुना गया। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस, मतदाता दिवस, स्टार्ट अप इंडिया, पर्यावरण और श्री अन्न समेत विभिन्न मुद्दों पर भी अपने विचार रखे।

यहां मन की बात कार्यक्रम को सुनने में नव निर्वाचित भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, सोशल मीडिया संयोजक भाजपा बुढ़ाना मण्डल शाहिद असलम, लोकेश मोहित, नोनू



कुमार, विकास कुमार और अंकित कुमार सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं की भी उपस्थित देखने को मिली। जहां पर सभी ने मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक तरीके से सुना।

## क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह को डीजीपी करेंगे सम्मानित

**बुढ़ाना।** जनपद शामली में कई थानों के थानाध्यक्ष रह चुके और जनपद के कई थानों के प्रभारी रहने के बाद अब बुढ़ाना कोतवाली में क्राइम इंस्पेक्टर की पोस्ट पर रहकर एक से एक अपराधिक घटनाओं का खुलासा कर रहे पुलिस इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह को 26 जनवरी को गणतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर डीजीपी द्वारा प्रशंसा चिन्ह और प्लेटिनम देकर सम्मानित जाएगा। इसको लेकर उनके अधीन कार्य कर रहे सभी पुलिसकर्मियों, उनके परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि क्राइम इंस्पैक्टर कर्मवीर सिंह कोतवाली क्षेत्र के स्कूल और कालेजों में भी जा जाकर छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के टिप्स दे रहे हैं। उनका साफ कहना है कि हमेशा कच्चा लालच ही इंसान को लूटवाने का काम करता है। इसलिए किसी भी तरह के लालच और प्रलोभन से बचें और अपनी मेहनत की कमाई को यूं ही ना जाने दें। उन्होंने खासकर युवा वर्ग से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर ऐसी किसी भी तरह की विवादित पोस्ट या टिपण्णी ना करें जिसमें उनको जेल की हवा खानी पड़े। इन चक्करों में पडकर आपसी संबंध खराब ना करें।


प्रदेश के सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जसवंत सैनी
संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार।
कृष्णचन्द सैनी
मंत्री प्रतिनिधि
बशीर अहमद ठेकेदार न.प. रामपुर मनिहारान।


राष्ट्रीय लोकदल
की ओर से
सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शाहज़मा खान
जिलाध्यक्ष रालोद, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
गुफरान, राशन डीलर
कैलाशपुर, सहारनपुर


देश वासियों को गणतंत्र दिवस की
दिली मुबारकबाद
इमरान मसूद
सांसद
शाहनवाज खान
एमएलसी
जिशान मलिक
युवा नेता
हाजी इसरान प्रमुख
वरिष्ठ नेता नगर विधानसभा 03, सहारनपुर



देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. विजेन्द्र चौधरी
पूर्व ब्लॉक प्रमुख (नागल)
पपिन चौधरी
मा. मांगेराम चौधरी
अध्यक्ष
जिला पंचायत, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महर्षि दयानंद कालेज आफ एजुकेशन
मतलूब अहमद
चेयरमैन
शारिक मलिक एडवोकेट
डायरेक्टर
बड़ूली, निकट कोलकी कलां गागलहेडी-मुजफ्फरनगर हाईवे


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन्द्र राणा
ग्राम टांडा
बेहट तहसील अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन
( टिकैत )


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी अब्बास चौधरी
सभासद पति
नगर पंचायत नानौता
नगराध्यक्ष सपा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राम कृष्णा इन्टर कालेज
डिग्री कालेज रोड नानौता
श्रीमति रितु शर्मा
प्रधानाचार्या
मनोज कुमार शर्मा
प्रबन्धक


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिले की टॉप टेन में स्थान बनाने वाली शिक्षण संस्था
रामकृष्ण परमहंस इन्टर कालेज
जगपाल दत्त स्वामी
प्रधानाचार्य
राहुल स्वामी
प्रबन्धक
रेलवे रोड, नागल, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
नेशनल मॉडल इंटर कालेज
नागल, सहारनपुर
वत्सराज त्यागी स्वाधीन
प्रबन्धक
ब्रजेश कुमार त्यागी
प्रधानाचार्य


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सोफिया इंटरनेशनल स्कूल देवबंद रोड, नागल , सहारनपुर
कोणार्क चौधरी


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएं
सत्य संयम भूर्यान
( पूर्व प्रत्याशी थानाभवन 09 )
श्वेता सैनी
महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहारनपुर
अजीम मलिक
पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष
रामपुर मनिहारान



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल
गुरूद्वारा रोड, नागल सहारनपुर
देवपाल धवलहार
प्रबन्धक
एमए,बीएड,एलएलबी
देवेन्द्र धवलहार
प्रधानाचार्य
एमए,बीएड,एलएलबी


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरकार द्वारा प्रदत बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए कृत संकल्प
डा. नितिन कुमार
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
नागल, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की सभी शिक्षकों,शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई।
स्वतंत्र चौधरी
ब्लाक अध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक नागल, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जसवंत सैनी
संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार।
मनोज कुमार सैनी
बीडीओ ब्लॉक रामपुर मनिहारान
श्रीमती गीता रानी
ब्लॉक प्रमुख, रामपुर मनिहारान


गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर आओ हम प्रतिज्ञा लें-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 में ''विकसित भारत'' तथा माननीय मुख्यमंत्री योगी श्री आदित्यनाथ जी के ''विकसित उत्तर प्रदेश'' के संकल्प में सहारनपुर को भी भागीदार बनायेंगे। हम संकल्प लेते हैं कि सहारनपुर को स्वच्छ रखेंगे और कूड़ा-कचरा इधर-उधर तथा नालियों में न डालकर निगम के सफाई मित्रों को देंगे, पानी का अनावश्यक दोहन नहीं करेंगे तथा समय से अपना हाउस टैक्स, जलकर व सीवर कर जमा करायेंगे।
गत एक वर्ष में नगर निगम की कुछ प्रमुख उपलब्धियाँ
• ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं आत्याधुनिक मशीनों की खरीद एवं कूड़े से गैस बनाने हेतु बी.पी.सी.एल. से अनुबन्ध। • नगर निगम द्वारा स्मार्ट गैराज का शुभारम्भ।
• जन सुविधा के लिए दो जोनल ऑफिसों का शुभारम्भ।
• श्री गोगा महाडी पर स्वच्छ कुण्ड का निर्माण एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोकार्पण तथा रुद्राक्ष का पौधारोपण।
• निगम में जन्म-मृत्यु विभाग से सम्बन्धित दो नई विंडो व प्रतीक्षा कक्ष का निर्माण।
• सी.एम. ग्रिड योजना में कलक्ट्रेट तिराहे से दीवानी तिराहे तक सड़क निर्माण कार्य जारी एवं द्वितीय चरण का सड़क निर्माण स्वीकृत।
• नगर निगम की श्री शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला में गोबर से बच्चों के खिलौने, गुलाल, पेंट आदि उत्पाद बनाने के लिए गौशाला को अनेक राष्ट्रीय एवार्ड।
• शुद्ध जलापूर्ति हेतु 32 मिनी नलकूपों का अधिष्ठापन तथा 10 बड़े नलकूपों का रिबोर, 8118 नये कनेक्शन एवं बड़े ट्यूबवेलों पर विश्व स्तरीय स्काडा व्यवस्था।
• 27.5 करोड़ की लागत से महानगर में मुख्य नालों एवं सड़कों का निर्माण कराया गया।
श्रीगोगा महाडी पर 'स्वच्छ कुण्ड' का लोकार्पण करने के बाद रुद्राक्ष का पोधारोपण करते माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी
शिपू गिरि (आई.ए.एस.)
नगर आयुक्त
डॉ. अजय कुमार
महापौर
नगर निगम 84770 08027
टोल फ्री नं. 84770 08057
नगर निगम सहारनपुर (उ०प्र०)


बड़े सपने देखें। उन्हें सच करें। विकास का नया इतिहास लिखें।
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नकुल चौधरी
मॉडल ग्राम पंचायत चकवाली
रामपुर मनिहारान।


सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रेनू बालियान
चेयरपर्सन रामपुर मनिहारान
कुलदीप बालियान
कुलदीप बालियान चेयरपर्सन प्र. स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर रामपुर मनिहारान


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नवीन कुमार सैनी
प्रभारी निरीक्षक
थाना नानौता, सहारनपुर।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवसुमन चौहान
संपर्क प्रमुख ( मेरठ प्रांत )
मोबाइल 8535012000
कैंप कार्यालय: 2-बी/1280, नवीन नगर एक्सटेंशन, निकट श्रीराम पार्क, अहमद बाग, सहारनपुर ( उ.प्र. )


सभी समस्त देशवासियों व नानौता देहात वासियों एवं नानौता नगर वासियों को
गणतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अफजाल खान
(पूर्व चेयरमैन, नानौता)

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संविधान हमारी आत्मा

भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर ने कहा था कि संविधान महज एक वकील का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का वाहन है और इसकी आत्मा हमेशा युग की भावना है। इस संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 77वां गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसका मुख्य आकर्षण वे झांकियां हैं जो भारत की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, देश की प्रगति और उपलब्धियों के आइने और भारतीय सेना, भारतीय नौसेना व एयर शो भी दिखाती हैं। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल और बीटिंग द रिट्रीट समारोह पहले से ही सभी भारतीय राज्यों की राजधानियों में पूरे जोरों पर किया जा रहा है, लेकिन इस वर्ष इसकी तारीख, इतिहास, महत्व और थीम क्या है? भारत प्रतिवर्ष 26 जनवरी को अपना गणतंत्र दिवस मनाता है। इस वर्ष यह दिन सोमवार को पड़ रहा है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान को अपनाने की याद दिलाता है। भारत को 1947 में ब्रिटिश राज से आजादी मिली, लेकिन 26 जनवरी, 1950 तक भारत का संविधान लागू नहीं हुआ था। संविधान सभा का पहला सत्र 9 दिसंबर, 1946 को और आखिरी सत्र 26 नवंबर, 1949 को हुआ और फिर एक साल बाद संविधान को अपनाया गया। डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति का नेतृत्व किया और इस दिन भारत संविधान दिवस भी मनाता है। गणतंत्र दिवस स्वतंत्र भारत की भावना का स्मरण कराता है क्योंकि इसी दिन 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने औपनिवेशिक शासन से पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। गणतंत्र दिवस भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार चुनने की शक्ति का भी स्मरण कराता है, इसलिए देश इसे भारतीय संविधान की स्थापना के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाता है। देश में गणतंत्र दिवस समारोह काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। इसके अतिरिक्त भारत के राष्ट्रपति देश के योग्य नागरिकों को पद्म पुरस्कार वितरित करते हैं। साथ ही बहादुर सैनिकों को परमवीर चक्र, अशोक चक्र और वीर चक्र से सम्मानित किया जाता है। गणतंत्र दिवस परेड का लाइव प्रसारण और वेबकास्ट भी हर साल किया जाता है। ताकि लोग आसानी से परेड को देख सकें। स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ गणतंत्र दिवस भी देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है।

## बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए



गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है, राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है, 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं, 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं, खेल-कूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं, महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है, नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी, वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है, महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

# आज के बच्चे और युवा ही हैं आने वाले भारत की सबसे बड़ी ताकत



26 जनवरी 2026 को जब हम भारत के गणतंत्र बनने के 76 वर्षों का उत्सव मनाते हैं, तब यह विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है कि आने वाले भारत की दिशा, दशा और पहचान हमारे बच्चों के हाथों में सुरक्षित है। गणतंत्र दिवस हमें संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है, और इन्हीं अधिकारों व कर्तव्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आज के बच्चों पर है। बच्चे केवल कल के नागरिक नहीं हैं, वे आज के सक्रिय सहभागी भी हैं, जिनकी सोच, ऊर्जा और कल्पनाशीलता भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

भारत एक युवा देश है, जहां जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बच्चों और युवाओं का है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यदि इन बच्चों को सही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और नैतिक मूल्यों का आधार मिले, तो भारत न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध होगा। गणतंत्र दिवस का अर्थ केवल परेड देखना या तिरंगा फहराना नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेना है कि हम अपने बच्चों के लिए एक ऐसा भारत बनाएं, जहां उन्हें समान अवसर, सम्मान और स्वतंत्रता मिले। बच्चों का विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, करुणा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। आज का बच्चा कल का वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, किसान, कलाकार, सैनिक और नेता बनेगा। यदि बचपन में ही उनमें देशप्रेम, संविधान के प्रति सम्मान और सामाजिक न्याय की समझ विकसित की जाए, तो वे एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखेंगे। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भारत का संविधान हर बच्चे को समानता, स्वतंत्रता और गरिमा का अधिकार देता है, और समाज का दायित्व है कि इन अधिकारों को व्यवहार में उतारे। शिक्षा इस पूरे विचार की धुरी है। गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा बच्चों को न केवल रोजगार योग्य बनाती है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। ग्रामीण और शहरी, अमीर और गरीब, लड़का और लड़कीकृहर बच्चे को समान शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सो. चने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है। स्वास्थ्य और पोषण बच्चों के भविष्य का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। कुपोषण, बाल रोग और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं बच्चों की प्रगति में बड़ी बाधा बन सकती हैं। एक सशक्त भारत के लिए यह आवश्यक है कि हर बच्चे को पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। जब हम गणतंत्र दिवस पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आत्मनिर्भरता की शुरुआत स्वस्थ बच्चों से ही होती है।

**डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सोचने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है।**

बच्चों के अधिकारों की रक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय है। बाल श्रम, बाल विवाह, शोषण और भेदभाव जैसी समस्याएं आज भी समाज में मौजूद हैं। एक सच्चे गणतंत्र में बच्चों के लिए भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण होना चाहिए। कानून तभी सार्थक होते हैं जब वे जमीन पर लागू हों और समाज उन्हें स्वीकार करे। बच्चों को अपनी बात रखने का अवसर देना, उनकी भावनाओं को समझना और उनके सपनों का सम्मान करना एक जिम्मेदार समाज की पहचान है। संस्कृति और नैतिक मूल्य बच्चों के चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। भारत की विविध संस्कृति, भाषाएं, परंपराएं और इतिहास बच्चों को एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। गणतंत्र दिवस उन्हें यह सिखाने का अवसर है कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। जब बच्चे अपने देश की विरासत पर गर्व करना सीखते हैं और साथ ही आधुनिक विचारों को अपनाते हैं, तब एक संतुलित और प्रगतिशील समाज का निर्माण होता है। आज का बच्चा वैश्विक नागरिक भी है। दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत के बच्चे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना रहे हैं। विज्ञान, खेल, कला और नवाचार के क्षेत्र में भारतीय बच्चों की उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि यदि उन्हें अवसर मिले, तो वे किसी से कम नहीं हैं। गणतंत्र दिवस पर यह गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है कि हम अपने बच्चों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करें, लेकिन अपनी जड़ों से जोड़े रखें। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी बच्चों में विकसित करना समय की आवश्यकता है। आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौतियां होंगी। यदि बच्चे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीना सीखें, तो भारत का भविष्य अधिक सुरक्षित और टिकाऊ होगा। गणतंत्र दिवस केवल अतीत की उपलब्धियों को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारियों को समझने का भी दिन है, और इन जिम्मेदारियों का सबसे बड़ा वाहक आज का बच्चा है। अंततः यह कहा जा सकता है कि बच्चे भारत का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की आशा भी हैं। उनकी मुस्कान में देश का कल छिपा है, उनकी आंखों में नए भारत का सपना बसता है।

गणतंत्र दिवस 2026 पर जब तिरंगा लहराता है और राष्ट्रगान गूंजता है, तब यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने बच्चों को केवल बड़े सपने देखने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए भी सक्षम बनाएं।

सेहत का ख्याल

# वेट लॉस के लिए अपनाएं इन तरीकों को

**अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है। यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है।**



वेट लॉस के लिए सही डाइट और फिजिकल एक्टिविटी काफी जरूरी है। अगर आप रनिंग, वॉकिंग या एक्सरसाइज आदि नहीं करती हैं, तो सही खानपान होने के बाद भी आपको वेट लॉस में मुश्किल आ सकती है। हालांकि शरीर की जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए बहुत सारे लोग रनिंग या वॉकिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे जल्दी फैट बर्न होता है। साथ ही इसका सही तरीका क्या है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉकिंग या रनिंग में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है।

**रनिंग और वॉकिंग क्या ज्यादा बेहतर**

वेट लॉस के लिए अक्सर लोग वॉकिंग या रनिंग करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे फैट ज्यादा तेजी से बर्न होता है और इसको करने का सही तरीका क्या है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप सही समय और सही तरीके से रनिंग या वॉकिंग करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि इससे वेट लॉस कैसे और कितना कम होगा, यह सभी के लिए अलग-अलग हो सकता है। जब आप वॉक करते हैं, तो इसमें फैट ऑक्सीडेशन का उपयोग होता है। वहीं रनिंग करने में शरीर स्टोर किए हुए ग्लाइकोजन का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जब हम वॉक करते हैं, तो हमारी बॉडी फैट बर्निंग जोन में होता है। वहीं इस दौरान फैटी एसिड्स और फैट सेल्स का ब्रेकडाउन होता है। बाद में यह एटीपी के फॉर्म में ऑक्सीडाइड हो जाते हैं। अगर आसान भाषा में इसको समझा जाए, तो इससे बॉडी में ज्यादा एनर्जी मिलती है। जब आप रनिंग करते हैं, तो बॉडी के पास एनर्जी लेने का पर्याप्त समय नहीं होता है। इस दौरान शरीर को फौरन एनर्जी चाहिए होती है। इसलिए रनिंग के समय ग्लाइकोलिसिस एक्टिवेट होते हैं। हालांकि यह पूरी तरह से एनर्जी के लिए कार्ब्स और लिवर पर निर्भर होते हैं।

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है।

यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है। इस दौरान शरीर खुद को एनर्जी देने और चार्ज करने के लिए यह जमा किए फैट का इस्तेमाल करता है। साथ ही यह हार्मोन्स के लिए भी अच्छा होता है। कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए रनिंग फायदेमंद माना जाता है। वहीं एनर्जी के लिए जमा किए हुए कार्ब्स का इस्तेमाल करती है। ऐसे में रनिंग करने से फैट से ज्यादा कार्ब्स बर्न होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अनोखा मेल है कसौली

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित कसौली एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक और शांत पहाड़ी स्थल है। समुद्र तल से लगभग 1,900 मीटर की ऊंचाई पर बसा कसौली अपनी हरियाली, शांत वातावरण, औपनिवेशिक इमारतों और मनोरम .श्यों के लिए जाना जाता है। यह एक आदर्श स्थान है उन लोगों के लिए जो भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

**कसौली का इतिहास और विशेषता**

कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहां आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहां की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण**

1. **मंकी पॉइंट**

कसौली का सबसे ऊंचा स्थान मंकी पॉइंट है, जहां से सतलुज नदी, चंडीगढ़ और शिमला के .श्य साफ दिखाई देते हैं। यहां एक छोटा हनुमान मंदिर भी है, जो धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य दोनों के लिए प्रसिद्ध है।

2. **गिल्बर्ट ट्रेल**

प्राकृतिक प्रेमियों और वॉकिंग के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। यह पगडंडी देवदार और ओक के पेड़ों के बीच से गुजरती है और यहां की शांति आत्मा को सुकून देती है।

3. **क्राइस्ट चर्च**

1853 में बना यह चर्च कसौली की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। इसकी गोथिक शैली की वास्तुकला और रंगीन कांच की खिड़कियां देखने लायक हैं।

4. **सनसेट पॉइंट**

शाम के समय यहां से सूर्यास्त का .श्य अत्यंत मनमोहक होता है। पहाड़ियों के बीच सूरज को डूबते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

5. **कसौली**

यह एशिया की सबसे पुरानी डिस्टिलरी मानी जाती है, जो अब भी संचालित हो रही है। यह ब्रिटिश काल की विरासत को संजोए हुए है।

**कसौली में करने योग्य गतिविधियां**

- प्राकृतिक ट्रेल्स पर वॉकिंग और ट्रेकिंग
- स्थानीय बाजारों में शॉपिंग हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, जैम आदि
- फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग
- चर्चों और औपनिवेशिक इमारतों की खोज
- शांत वातावरण में ध्यान और योग

**यात्रा का सर्वोत्तम समय**

मार्च से जून- गर्मियों में ठंडक का आनंद लेने के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर- साफ आसमान और हरियाली देखने के लिए।

दिसंबर से फरवरी- बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए बेहतरीन समय।



कसौली एक ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रकृति की गोद में शांति, सौंदर्य और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो जीवन की दौड़-भाग से दूर कुछ पल सुकून और ताजगी के साथ बिताना चाहते हैं।

दिल्ली से मुनस्यारी आराम से और बहुत कम पैसे में पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप हिमाचल रोडवेज बस सर्विस या फिर प्राइवेट बस लेकर पहुंच सकते हैं। दिल्ली में स्थित कश्मीरी गेट बस स्टैंड से कसोल के लिए डायरेक्ट बस चलती रहती हैं। दिल्ली से कसोल का जाने का बस किराया करीब 400-500 रूपए लगते हैं। हालांकि, प्राइवेट बस का किराया 1000-1500 रूपए से अधिक हो सकता है।

दिल्ली से कसोल के लिए डायरेक्ट ट्रेन नहीं चलती है। इसके लिए आपको जोगिंदर नगर रेलवे स्टेशन पहुंचना होगा। जोगिंदर नगर से बस लेकर आप कसोल पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सबसे पास कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट है। कुल्लू से लोकल बस या टैक्सी लेकर आराम से पहुंच सकते हैं।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां कई होटल और रिसॉर्ट आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप सस्ते में रूम बुक करना चाहते हैं, तो फिर आपको मुख्य शहर से कुछ दूरी पर बुक करना चाहिए।

कसोल में ठहरने के लिए आप यशी कसोल कॉटेज, शांति होटल, ग्रीन पार्क कॉटेज, चलो कसोल गेस्ट हाउस और शिवालय गेस्ट हाउस में रूक बुक कर सकते हैं। इस होटल और कॉटेज में करीब 500 से लेकर 800 रूपए में रूम मिल जाते हैं। इन होटल्स में खाने-पीने और वाई-फाई की भी सुविधा मिल जाती है।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां खाने-पीने जगहों की भरमार है। यहां आप स्ट्रीट फूड से लेकर बड़े-बड़े रेस्तरां में भी भोजन का स्वाद चख सकते हैं। (उत्तराखंड की सबसे खूबसूरत वैली) कसोल में आप पारंपरिक भोजन खसखस का हलवा, कढ़ी और सिदू का स्वाद चखना ना भूलें। स्ट्रीट फूड में आप आलू टिक्की, समोसे, कचोरी और छोले भटूरे का स्वाद चख सकते हैं। वैसे जिस होटल में रूम बुक करते हैं, उस होटल में भी खाने-पीने की व्यवस्था हो सकती है।

**( साभार प्रीटी )**

The Students, Staff and the Management of

KRISHNA INSTITUTE OF EDUCATION AND MANAGEMENT
Recognised by UGC, NCTE & Affiliated to Maa Shakumbhri University Saharanpur
BA, BBA, BCA, B.Com, B.Sc.(PCM, ZBC,CS.) B.Ed.
M.Com, M.Sc, *L.L.B.
&
KRISHNA INTERNATIONAL SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE, A CO EDUCATIONAL & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
1 Km. Mile Stone Gangoh-Saharanpur road, Gangoh, Distt.Saharanpur


Extend warmest greetings to all the countrymen on the occasion of "REPUBLIC DAY". Let us pledge to do our best to make India a glorious Country.

Neeraj Goyal, President | Varun Garg, Secretary | Anil Sharma, Principal (KIEM) | Punam Sharma, Principal (KIS)

# गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाएं




Shobhit University
EDUCATION EMPOWERS
'समर्थ, शिक्षित, स्वस्थ, राष्ट्र, निर्माण हेतु समर्पित'



हमारे प्रेरणास्रोत बाबू विजेन्द्र कुमार जी
Shobhit University Gangoh, Saharanpur
[Private University estd vide UP State Act 03/2012]
Babu Vijendra Marg, Gangoh-247341, Saharanpur, UP, India
Shobhit Institute of Engineering & Technology Meerut
[A Deemed to-be University estd u/s 3 of UGC Act 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut-250110, Delhi NCR, India
+91 9870265521 | www.shobhituniversity.ac.in | www.sug.ac.in

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


अंकुर शर्मा, एमडी

ठाठ सिंह, प्रतिनिधि

रोहित कुमार, सभापति

बी. पैक्स खानपुर तीतरो, सहारनपुर


गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
सदर शिया समुदाय अंजुमन चिलकाना सुल्तानपुर
अली इमाम उर्फ प्रिंस त्रिमीजी

गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व की 77 वीं वर्षगाँठ पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पी.एल.ए.पी. मेमोरियल सोसाइटी (रजि.) गंगोह द्वारा संचालित
सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल, गंगोह (स0पुर)
शुभम गुप्ता, अध्यक्ष | आदेश गर्ग, प्रबन्धक | भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य
इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (आई.पी.एस)
गंगोह (सहारनपुर)
अमित गर्ग, अध्यक्ष | नरेन्द्र तायल, सचिव | डा. जोगेन्द्र सिंह चौहान, निदेशक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोपाल कृष्णा फिलिंग स्टेशन
डीलर: हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लि.
गंगोह-सहारनपुर रोड, जिला सहारनपुर
प्रो. मनोज गर्ग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लॉर्ड कृष्णा फिलिंग स्टेशन
100 प्रतिशत शुद्धता एवं गुणवत्ता का एक मात्र स्थान, सही नाप
नानौता रोड, गंगोह, जिला सहारनपुर
प्रो. योगेन्द्र गर्ग-हर्ष गर्ग

वार्ड 47 से (जि.पं.स.) पद के भावी प्रत्याशी अब्दुल वाहिद कुरेशी तथा भीम आर्मी की ओर से सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. शुभम सिरोही, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष
चौ. तुषार चौहान, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अम्बेहटा






गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हिमांशु कश्यप उर्फ हरेन्द्र कश्यप
प्रधान पद हेतु प्रत्याशी बिहारीगढ़


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
केशवानन्द तिवारी
संस्थापक दिशा सामाजिक संगठन
सुल्तानपुर चिलकाना सहारनपुर



गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
हाजी रिजवान कुरैशी
वरिष्ठ समाज सेवी अंबेहटा

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हमारी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
डा. संजय सैनी
हिन्दी साहित्यकार तेलपुरा (हरिद्वार)


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञानी आजाद सिंह
हजुरी रागी जत्था प्रेम नगर देहरादून



सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
मुबारिक चौधरी
(प्रधान)
ग्राम पंचायत टोडरपुर सड़क


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
मास्टर गुफरान अंजुम
ग्राम प्रधान -आलमपुर मिर्जापुर पोल


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
एकता पेट्रोलियम
गंदेवड़ रोड पठेड
प्रो. चौधरी मुहम्मद जुबैर

विद्युत विभाग अम्बेहटा की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अश्वनी कुमार चौबे, अवर अभियंता
मौ. साकिर




सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
अब्दुल बारिक
प्रधान पद प्रत्याशी ग्राम पंचायत माहेश्वरी कलां विकासखण्ड सरसावा


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
ताहिर पहलवान
जिला पंचायत सदस्य मगनपुरा (मिर्जापुर पोल)


सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
डॉ. लुकमान
भावी प्रधान प्रत्याशी ग्राम मोहद्दीनपुर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुरूदयाल सिंह
वरिष्ठ समाजसेवी, बिहारीगढ़



सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत दिली मुबारकबाद
अब्दुल वली उर्फ बंटी
पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हमारी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
उगेश कांबोज उर्फ बब्ली
ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फराबाद, भाकियू टिकैत





सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लव कुमार
क्षेत्रीय वनाधिकारी मोहण्ड रेंज